दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 341 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 05 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल शर्मा के प्रदेश को आईटी हब बनाने के सतत प्रयास,आईटी औ ए आई का बड़ा केंद्र बने राजस्थान

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डीजी फेस्ट ग्लोबल ग्लोबल समिति 2026 में आमंत्रित कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान डीजी फेस्ट ग्लोबल समिति 2026 में आमंत्रित देश और विदेश की कंपनियों के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान को सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र का प्रमुख हब बनाने का आवाहन किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि राजस्थान सरकार हर तरह से उनका सहयोग करने के लिए तैयार है लेकिन उन्हें आईटी में राजस्थान को एक विशेष पहचान दिलाना होगा उन्होंने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि देश में वर्तमान में राजस्थान के अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है और राजस्थान के युवा अपने ज्ञान और बुद्धि कौशल से पूरे विश्व में विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम कमा रहे हैं तथा राजस्थान सरकार प्रदेश में आईटी और डिजिटल सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए भी एक अच्छा माहौल तैयार कर रही है इसलिए प्रदेश को आईटी का हब बनाने में वह पूरा सहयोग करें जानकारी के अनुसार प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आईटी और डिजिटल सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल



नीतिगत वातावरण, आधुनिक संरचना और कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने निवेशकों को भरोसा और विश्वास दिलाया कि राज्य में निवेश करने वाली कंपनियों को हर संभव सहयोग सुविधा और त्वरित स्वीकृतियां प्रदान की जाएगी उन्होंने कहा कि राजस्थान डीजी फेस्ट ग्लोबल सबमिट 2026 राज्य में तकनीकी नवाचार स्टार्टअप संस्कृति और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने का सशक्त मंच बनेगा उन्होंने प्रतिनिधि मंडल से राज्य में आईटी, स्टार्टअप, आर्टिफिशियल, इंटेलिजेंस डाटा ,एनालिटिक्स और उभरती तकनीक के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं को तलाशने का आवाहन किया मुलाकात के दौरान देश और विदेश की विभिन्न नमकीन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने राजस्थान में निवेश के अवसरों सरकार की नीतियों और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ करते हुए समिट के माध्यम से सहयोग को और मजबूत करने की बात कही ।मुलाकात में प्रतिनिधि मंडल के सदस्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पर्सनालिटी से काफी प्रभावित हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने बहुत ही प्रभावपूर्ण तरीके से राजस्थान मे सूचना और प्रौद्योगिकी की क्षेत्र में एक शानदार माहौल और ढांचा तैयार करने के संदर्भ में राजस्थान सरकार की ओर से किया जा रहे प्रयासों को बताया और उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा भी दिलाया कि सरकार उन्हें हर तरह से सहयोग करेगी लेकिन इसके लिए उन्हें भी हर हाल में राजस्थान को आईटी में हब बनाने की दिशा में कार्य करना ।

## नए दौर का नया राजस्थान बनाने के भजनलाल सरकार के प्रयास

जानकार लोगों का कहना है कि रविवार को जयपुर में प्रदेश की भजनलाल सरकार के सानिध्य में डीजी फेस्ट समिट का आयोजन इस बात का सबूत है कि सरकार प्रदेश को आईटी के क्षेत्र में काफी आगे ले जाना चाहती है इस समिट में देश और विदेश की बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधि इन्वेस्टर आईटी ए आई क्षेत्र में काम कर रहे कंपनियों के प्रतिनिधि इत्यादि सभी मौजूद हैं इस समिति में प्रदेश में सूचना एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में मजबूती प्रदान करने आईटी सेक्टर की मजबूती और विस्तार के साथ-साथ प्रदेश के युवाओं को आईटी के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा अवसर देने जैसे विषयों को लेकर चर्चा हो रही है यह प्रदेश को आधुनिक राजस्थान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी यही चाहते हैं कि राजस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सूचना और प्रौद्योगिकी क्षेत्र का एक बहुत बड़ा केंद्र बने जिसके माध्यम से प्रदेश में एक तरफ जहां नए राजस्थान और आधुनिक राजस्थान की झलक देखने को मिलेगी तो यहां पर रोजगार के अच्छे अवसर भी बनेंगे इसके अलावा सरकार के विभिन्न विभागों के कामकाज में भी एक नयापन और नवाचार की झलक देखने को मिलेगी तो दूसरी तरफ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में भी आईटी क्षेत्र एक रामबाण दवाई के रूप में साबित होगा इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने स्पष्ट विजन के तहत प्रदेश को एक नया और आधुनिक राजस्थान एक विकसित राजस्थान बनाने की दिशा में तेजी से कार्य करते हुए नजर आ रहे हैं ।

## भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के युवाओं को भी आईटी सेक्टर से मजबूती से जुड़ने की अपील की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के युवाओं से भी अपील की है कि वे वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुए तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सूचना और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हो रहे बड़े-बड़े बदलाव और बड़े-बड़े नवाचारों को देखते हुए अपने फ्यूचर को गति देने के लिए आईटी सेक्टर से ज्यादा से ज्यादा जुड़ने का प्रयास करें क्योंकि अब आईटी और ए आई के नॉलेज के बिना अपने फ्यूचर को चमकाना काफी मुश्किल होगा इसलिए इस दिशा में युवाओं को अपना रुख करना ही होगा उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार आईटी के क्षेत्र में मजबूती से और संयोजित तरीके से तेजी से कार्य कर रही है जिसके फल स्वरुप इस क्षेत्र में देश और विदेश के इन्वेस्टर आगे आ रहे हैं ऐसे में इस क्षेत्र में रोजगार के शानदार अवसर उपलब्ध होंगे जो युवाओं के भविष्य को नई दिशा और गति देने के साथ-साथ युवाओं के ब्राइट फ्यूचर के लिए काफी सहायक साबित होगा।

# पीएम नरेंद्र मोदी को देश की महिलाओं की काफी चिंता है, महिलाएं ग्लोबल प्लेटफॉर्म से जुड़े: दिया कुमारी





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की महिलाओं की काफी चिंता है यही वजह है कि महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए मोदी सरकार ने कई तरह की योजनाएं और कई तरह के निर्णय लिए हैं दिया कुमारी रविवार को जोधपुर में उद्योग भारती की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित कर रही थी उन्होंने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने भी महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कई तरह के निर्णय और कई तरह की योजनाएं लागू की हैं जिसका फायदा उठाकर महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं महिलाएं एक तरफ जहां आत्मनिर्भर बन रही हैं तो ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी अपने हुनर और प्रतिभा से खुद को साबित कर रही हैं इसलिए उनका अपने परिवार समाज और रिश्तेदारों में भी काफी सम्मान बड़ा है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी संबल मिला है दिया कुमारी ने कहा कि उद्योग भारती ने प्रदेश में उद्योगों का माहौल बनाने में और महिलाओं को समृद्ध बनाने में काफी सराहनीय कार्य किया है उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे उद्योगों से ही प्रदेश और देश के अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है और राजस्थान में उद्योग भारती ने यह सिद्ध करके दिखाया है उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वह अपनी प्रतिभा और अपने हुनर को पहचाने और मेहनत और लगन से कार्य करें उन्होंने कहा कि उन्हें भी कभी-कभी यह लगता है कि मैं भी आपकी तरह ही हूं उन्होंने महिलाओं से ग्लोबल प्लेटफॉर्म से ज्यादा से ज्यादा जुड़ने की अपील की दिया कुमारी ने कार्यक्रम में कहा कि उन्हें इस बात की बहुत खुशी और प्रसन्नता है कि आज शहरी क्षेत्र में ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में भी महिलाएं खुद को साबित कर रही हैं और छोटे-छोटे उद्योग और कारोबार करके न केवल अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत कर रही हैं बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी गति दे रही हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने भी महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाने की दिशा में कोई कमी नहीं छोड़ी है सरकार लगातार महिलाओं और उनके नन्हे मुन्ने बच्चों के सतत विकास और कल्याण के लिए कार्य कर रही हैं उन्होंने महिलाओं से कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं को पूरा अवसर और हर तरह से सहयोग दे रही है इसलिए यही समय यही मौका और यही अवसर है जब वह अपने हुनर और अपने प्रतिभा के दम पर खुद को साबित कर सकती हैं उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लाखों महिलाओं ने खुद को साबित करके दिखाया है जो अच्छी बात है उन्होंने कहा कि आज महिलाएं देश पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और अपने हुनर का डंका बज रही है और महिलाएं पुरुषों से कई क्षेत्रों में आगे भी निकल गई है इसलिए महिलाओं को खुद पर भरोसा करना होगा खुद की प्रतिभा पर भरोसा करना होगा और सरकार उन्हें जो आगे बढ़ने का आवश्यक दे रही है उसका पूरा लाभ उठाना होगा रविवार को दिया कुमारी जोधपुर में कई कार्यक्रमों में व्यस्त रही जोधपुर में उन्होंने राजपूत सभा की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में भी उपस्थित दर्ज करवाई जोधपुर पहुंचने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में जोधपुर शहर के भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे इसके अलावा दिया कुमारी की अगवानी के लिए बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ता भी पहुंची ।

# भजनलाल शर्मा ने कई जिलों के विधायकों से संवाद किया, बजट को लेकर विस्तार से चर्चा की

**रविवार को प्रतापगढ़ ,बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर इत्यादि जिलों के विधायकों से मुख्यमंत्री ने बजट के बारे में सुझाव और सलाह मांगी और विधायकों से उनके क्षेत्र में किया जा रहे विकास कार्यों का फीडबैक भी लिया**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आगामी बजट को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को भी प्रदेश के कई जिलों के विधायकों के साथ गहन मंत्रणा की मुख्यमंत्री शर्मा ने रविवार को प्रतापगढ़ ,बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,राजसमंद इत्यादि जिलों के पार्टी के विधायकों के साथ लंबी चर्चा की मुख्यमंत्री शर्मा ने विधायकों से बजट को लेकर सुझाव और सलाह भी मांगी तथा केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से उनके निर्वाचन क्षेत्र में की जा रही विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की बातचीत के दौरान विधायकों ने पिछले 2 साल के सरकार के कामकाज के बारे में प्रसन्नता जाहिर की और अच्छे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई भी दी बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रत्येक विधायक से उनके निर्वाचन क्षेत्र में पिछली बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के अलावा भाजपा की संकल्प पत्र के वादे में उनके विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा कोई वादा पूरा होने से बच गया है तो उसके बारे में भी सवाल जवाब किया इसके अलावा



मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रत्येक विधायक से उनके क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी पूछा तथा बजट को समावेशी और स्पर्शी कैसे बनाया जाए बजट हर क्षेत्र से जुड़े लोगों को काफी पसंद आए इसके लिए विधायकों से सलाह और राय भी ली बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने विधायकों से यह भी कहा कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में प्रशासन से जुड़े छोटे-बड़े सभी अधिकारियों के कार्य शैली और कार्य व्यवहार पर भी नजर रखें और अगर किसी अधिकारी या कर्मचारी को लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है तो इस विषय पर भी अपनी नजर रखें इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के सभी विधायकों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी कहा मुख्यमंत्री शर्मा ने विधायकों से कहा कि उन्हें अब नियमित रूप से अपने निर्वाचन क्षेत्र में सघन दौरे करते रहना है क्योंकि बहुत जल्दी ही पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव होने वाले हैं ऐसे में सत्ता और संगठन के प्रति लोगों का भरोसा और विश्वास और मजबूत हो इसके लिए विधायकों को अपना पब्लिक टच और मजबूत बनाना होगा और यह तभी मजबूत बनेगा जो विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बहुत से विषयों को लेकर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है इसलिए वे अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के नेताओं की गतिविधियों का मुंह तोड़कर जवाब दें और कांग्रेस पार्टी की ओर से फैलाई जा रहे गलत दुष्प्रचार का पलट कर अच्छा जवाब दें और जनता को केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से किया जा रहे हैं कार्यों के बारे में गंभीरता से ।

# राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का असर, 5 जिलों में शीतलहर और 9 में घने कोहरे का अलर्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** राजस्थान में सर्दी का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को प्रदेश के 5 जिलों में शीतलहर और 9 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को प्रदेश के केवल तीन शहरों को छोड़कर सभी जगह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। माउंट आबू में लगातार दूसरे दिन तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं शेखावाटी और जयपुर संभाग के जिलों में सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन और गलन बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, राज्य में अगले एक सप्ताह तक तेज सर्दी, शीतलहर और कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है।




## माउंट आबू के बाद फतेहपुर सबसे ठंडा

पिछले 24 घंटे के दौरान उत्तर-पूर्वी और उत्तर-दक्षिणी जिलों-जयपुर, भरतपुर, बीकानेर, कोटा और अजमेर के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ शीतलहर चली, जिससे दिन में भी कड़ाके की ठंड महसूस की गई। माउंट आबू के बाद फतेहपुर (सीकर) प्रदेश का दूसरा सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फतेहपुर, सीकर और अलवर के ग्रामीण इलाकों में पाला पड़ने लगा है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। शीतलहर और कोहरे के कारण धूप का असर कम हो गया है। अधिकांश शहरों में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। सबसे ठंडा दिन पिलानी (झुंझुनूं) में रहा, जहां अधिकतम तापमान केवल 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर और सीकर में अधिकतम तापमान 18 डिग्री, श्रीगंगानगर में 18.2, कोटा में 17.6, अलवर में 18.5, अजमेर में 18.2, वनस्थली (टोंक) में 18.8, चूरू में 16.9, सिरोही में 17.4, करौली में 16.8, झुंझुनूं में 16, दौसा में 18.9 और उदयपुर में 20.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। अगले 2 से 3 दिन कुछ इलाकों में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। साथ ही न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की और गिरावट आ सकती है। उत्तरी राजस्थान में शीतलहर का असर जारी रहेगा और कुछ शहरों में कोल्ड-डे की स्थिति बन सकती है।

# वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई को लेकर दो खेमे में बंटी दुनिया

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली:।(एंजेसी )** वेनेजुएला में शनिवार को ताबड़तोड़ हमले के बाद अमेरिका ने वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में ले लिया। वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका ने जिस तरह से कार्रवाई की, उसे लेकर हंगामा बढ़ता जा रहा है। इस एक्शन को लेकर दुनिया दो खेमे में बंटी हुई नजर आ रही है। एक तरफ कई देश ऐसे हैं, जो अमेरिका के एक्शन की घोर आलोचना कर रहे हैं। वहीं एक पक्ष ऐसा है, जो इसका समर्थन कर रहा है। आइए जानते हैं कि दुनिया के कौन-कौन से देश अमेरिका के साथ खड़े हैं और कौन से देश उसके खिलाफ। रूस, चीन, ईरान, क्यूबा, ब्राजील, मेक्सिको, कोलंबिया, चिली, बेलारूस, उरुग्वे, स्लोवाकिया, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, श्रीलंका, उत्तर कोरिया, घाना और सिंगापुर जैसे देशों ने अमेरिका की कार्रवाई की आलोचना की है। इन देशों ने अमेरिका की कार्रवाई को अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। दूसरे देशों के अलावा अमेरिका में भी ट्रंप सरकार की इस कार्रवाई की आलोचना हो रही है। दूसरी ओर कई देश ऐसे हैं जो यूएस का साथ दे रहे हैं। इनमें अर्जेंटीना, इजरायल, पेरू, अल साल्वाडोर, इक्वाडोर, अल्बानिया, फ्रांस और ब्रिटेन शामिल हैं। इन देशों ने वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिकी एक्शन का खुलकर समर्थन किया है। भारत की बात करें तो विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में बेहद सधा बयान जारी



किया है। स्ध्र ने दोनों देशों से इस मामले को शांति से हल करने की अपील की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि वेनेजुएला में हाल की घटनाएं गहरी चिंता का विषय हैं। हम बदलते हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं। भारत वेनेजुएला के लोगों की भलाई और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम सभी संबंधित लोगों से अपील करते हैं कि वे बातचीत के जरिए शांति से मुद्दों को सुलझाएं, ताकि इलाके में शांति और स्थिरता बनी रहे। काराकास में इंडियन एंबेसी भारतीय समुदाय के लोगों के संपर्क में है। उन्हें हर मुमकिन मदद दी जाएगी। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि मैंने वेनेजुएला में हो रहे डेवलपमेंट पर शुरुआती बदलावों से ही नजर रखी है। इटली ने अपने मुख्य अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ मिलकर मादुरो की खुद से कही गई चुनावी जीत को कभी मान्यता नहीं दी।

# वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने किया जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) का लोकार्पण

## जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में दिव्यांगजनों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं प्राप्त होंगी - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय परिसर में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) का लोकार्पण कर शुभारंभ किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। साथ ही सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के हित में संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान कर लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं एक साथ प्राप्त होंगी, जिससे उनका जीवन आसान एवं सम्मृद्ध होगा और सशक्त दिव्यांग समाज की अवधारणा पूरी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांग शब्द के स्थान पर सम्मान सूचक दिव्यांग शब्द का उपयोग कर सभी दिव्यांगजनों में आत्मसम्मान का भाव पैदा किया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार दिव्यांग कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के साथ ही उन्होंने भी विधायक निधि कोष से स्कूटी दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उनके कल्याण में सदैव सहयोग करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग विराट को सीपी चेयर, विहान को हियरिंग एड एवं राहुल को एमआर किट प्रदान की। इसके उपरान्त वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, सेरिब्रल पाल्सी कक्षों सहित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीडीआरसी अलवर की प्रोजेक्ट मैनेजर एवं इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी की सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने जिला प्रशासन द्वारा मिले सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि समाज की 2.21 प्रतिशत आबादी किसी ना किसी रूप में दिव्यांगता से प्रभावित है। ऐसे में दिव्यांगजनों के जीवन को सरल बनाना एवं सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए समर्पित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र जो कि सामान्य चिकित्सालय में खोला गया है यहां फिजियोथेरेपी, स्पीच और लैंग्वेज थेरेपी, विशेष शिक्षा, मनोवैज्ञानिक सलाह, बिहेवियर थेरेपी, दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी पंजीकरण एवं अपडेट, विभिन्न थेरेपी, काउंसलिंग, कृत्रिम अंग एवं प्रशिक्षण की सुविधाएं भी प्राप्त होंगी। अर्ली इंटरवेंशन से दिव्यांगता से होने वाले दुष्प्रभावों को काफ़ी हद तक कम किया जा सकता है साथ ही उचित उपचार से दिव्यांगता दूर भी हो रही है। मंथन फाउंडेशन संस्थापक एवं प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि जिले में अभी भी बहुत अधिक दिव्यांग ऐसे हैं जो जागरूकता के अभाव में चिन्हीकरण एवं उनके लिए संचालित विभिन्न योजनाओं से वंचित है। इसके लिए डीडीआरसी द्वारा आने वाले समय में विभिन्न कैंपेन चलाए जाएँगे, ताकि वे मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठा सके। उन्होंने बताया दिव्यांगजन हेल्पलाइन नंबर 9887162278 पर कार्यालय समय में फ़ोन कर अपनी समस्याओं के समाधान बारे में पूछ सकते हैं। मंच संचालन सुरेश नागपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र मीणा, मैनेजमेंट अधिकारी आर.एस वर्मा, अमित कुमार यादव, रोहित कुमार जैन, नेहा जैन, डॉ. अरविंद कुमार गोस्वामी, वसंती यादव, सुषमा गोस्वामी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## अलवर शहर में रहने वाले धानका जनजाति परिवारों की सूची तैयार की जाएगी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आदिवासी धानका जन कल्याण समिति द्वारा अलवर शहर में निवास करने वाले सभी धानका जनजाति परिवारों की सूची तैयार कर उन्हें सामाजिक रूप से संगठित करने का निर्णय लिया गया है। रविवार को ब्रह्मचारी मोहल्ले स्थित रामदेवजी मंदिर में समिति की शहर शाखा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में समाज के विकास, एकता और संगठन को मजबूत करने को लेकर सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक में समिति के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बावलिया, शहर अध्यक्ष अशोक कुमार सहित डालचंद, प्रकाशचंद, प्रवीण, लक्ष्मण, राधेश्याम, रूपसिंह, बाबूलाल खर्रा आदि उपस्थित रहे। समिति की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सूचीबद्ध सदस्यों को समाज का परिचय पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## एक सौ ग्यारह महिलाओं को किए शॉल वितरित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट की ओर से नेक कमाई फाउंडेशन के सहयोग से दिवाकरी के सोहम पबिलक सकूल में 111 महिलाओं को शॉल वितरित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महावर महिला मंच की अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता रही जबकि अध्यक्षता सुरेश हुंडी वाले ने की। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी दौलत राम हजरती ने ट्रस्ट के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक प्रतिभा सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में महिलाओं की हालत दयनीय है जिसमें बदलाव के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमकुम महावर ने कहा कि इस क्षेत्र में शीघ्र ही चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा तथा महिलाओं को स्वरोजगार का प्रशिक्षण नेक कमाई की ओर से दिया जाएगा। नेक कमाई के मुख्य संरक्षक दोलत राम हजरती ने कहा कि नेक कमाई की ओर से महिलाओं के लिए निःशुल्क स्किल डवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर शुरू किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संचालन जागृति सिंह ने किया।

## अखिल राजस्थान लेबोरेटरी टेकनीशियन कर्मचारी संघ जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिलाध्यक्ष मयंक शर्मा की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिला मंत्री ज्वाला सिंह ने बताया मीटिंग मे लैब टेकनीशियन को अवकाश एवं अन्य कार्यों मे लगाए जाने को लेकर प्रमुखता से बात हुई एवं निर्णय लिया गया सीएमएचो एवं पीएमओ अलवर से मिलकर जल्द ही इनके लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। साथ ही अलवर जिले के एकमात्र सरकारी ब्लड बैंक मे एक भी लैब टेकनीशियन पद नहीं होने की समस्या के लिए मंत्री से मिलकर पद सृजन के प्रयास किए जाएंगे। अतिरिक्त जिलामंत्री मुखराम मीना ने बताया की मार्च माह मे लैब टेकनीशियन का जिलास्तरीय सम्मेलन आयोजन किए जाने का प्रस्ताव लिया गया है। एवं जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर ब्लॉक लेवल मीटिंग का आयोजन इसी माह किया जाएगा। जिला प्रवक्ता अभिषेक चितारी ने बताया मीटिंग मे राजेन्द्र पारीक, कुशाल भारत सोनी, गजराज आनंद ,ताराचंद अग्रवाल, समदर सिंह, अश्विनी सोमवंशी, योगेंद्र अवस्थी, दीपेश आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## अपना घर शालीमार विस्तार A ब्लॉक में आम सभा, कार्यकारिणी का गठन

### रूपचन्द सैन अध्यक्ष, हेमन्त जैमन बने सचिव

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अलवर की सबसे बड़ी आवासीय सोसायटी अपना घर शालीमार विस्तार के 'ए' ब्लॉक निवासियों की एक महत्वपूर्ण आम सभा रविवार को भक्तिधाम मंदिर प्रांगण में हुई। सभा में 'ए' ब्लॉक से जुड़ी विभिन्न मूलभूत व सामुदायिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके उचित और प्रभावी निराकरण के लिए एक सशक्त नेतृत्व एवं कार्यकारिणी गठित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस निर्णय के तहत आम सभा में उपस्थित 'ए' ब्लॉक निवासियों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें रिटायर्ड पीटीआई रूपचन्द सैन को अध्यक्ष, एडवोकेट हेमन्त कुमार जैमन को सचिव, भूपेन्द्र गौड़ को उपाध्यक्ष व मनोज अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोज जैन, हेमन्त यादव एवं दीपक जैन को शामिल किया गया। सभा में उपस्थित निवासियों ने नवगठित कार्यकारिणी से अपेक्षा जताई कि वह 'ए' ब्लॉक की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाते हुए प्रशासन एवं सोसायटी प्रबंधन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखेगी और शीघ्र समाधान की दिशा में कार्य करेगी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

## श्री खाटू श्याम कथा महोत्सव का हुआ शुभारंभ, अतिथियों ने विशाल निशान यात्रा को दिखाई हरी झंडी

### कंचन वाटिका में आयोजित धार्मिक आयोजन में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्याम मण्डल समिति (रजि.) बहरोड़ द्वारा आयोजित 'श्री खाटू श्याम कथा महोत्सव' के कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया। यह धार्मिक आयोजन कंचन वाटिका, बहरोड़ में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भाजपा नेता डॉ मोहित जसवंत यादव भी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक डॉ यादव, डॉ मोहित और कोठपुतली-बहरोड़ के जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र बिश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से कंचन वाटिका तक निकाली गई विशाल निशान यात्रा को रवाना किया तथा स्वयं भी यात्रा में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं के साथ कदम से कदम मिलाया। हजारों की संख्या में भक्तजन और महिलाएं इस यात्रा में शामिल हुईं। इस दौरान पूरे मार्ग में 'श्याम बाबा' के जयकारों से वातावरण गूँज रहा था। कथा महोत्सव स्थल पर पहुंचकर विधायक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि, इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए श्री खाटू श्याम जी से प्रार्थना भी की। साथ ही, विधायक ने श्री श्याम मण्डल समिति को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, बहरोड़ की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं सदैव समाज को जोड़ने का कार्य करती रही हैं और आगे भी ऐसे आयोजन प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। आयोजन को लेकर स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला और श्रद्धालुओं की सहभागिता से उत्सव को एक भव्य स्वरूप मिला। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राहक जागरूकता के लिए मिला सम्मान

### ग्राहक पंचायत का कार्यकर्ता परिचय वर्ग आयोजित

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा स्कीम नंबर चार स्थित आदर्श विद्या मंदिर में कार्यकर्ता परिचय वर्ग आयोजित किया गया। ग्राहक पंचायत के जिला सचिव रवि शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय अभ्यास मंडल आयाम प्रमुख दुर्गा प्रसाद सैनी ने कहा कि व्यक्ति मूलतः ग्राहक है, व्यापारी, कर्मचारी, उद्योगपति, किसान बाद में। इसलिए उन्हें ग्राहक भाव जगाना होगा। जब प्रत्येक व्यक्ति में ग्राहक भाव जाग जाएगा तो निश्चित रूप से ग्राहक का शोषण बंद हो जाएगा। हमें ग्राहक दृष्टि को विकसित करना होगा। उन्होंने ग्राहक और उपभोक्ता में अंतर को समझाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अलवर विभाग प्रचारक अक्षय कुमार ने कहा कि केवल वृक्षारोपण से ही पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं है हमें ए.सी से बाहर निकलना होगा। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन 'पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वःका बोध एवं नागरिक कर्तव्य' विषयों पर संक्षेप में प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजसेवी ईश भारद्वाज ने कहा कि हम सब ग्राहक हैं और इस समाज में ग्राहक शोषण रोकने के लिए ग्राहक पंचायत से जुड़कर ग्राहक आंदोलन को मजबूत करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने कहा की ग्राहक एवं उपभोक्ता के बीच का अंतर वास्तव में ग्राहक पंचायत ने बताया है। वैसे तो समाज में अनेकों संगठन कार्यरत है परंतु धरातल पर कार्य करने वाला यदि कोई संगठन है तो वह अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत है। उन्होंने विभागीय स्तर पर उठाए जा रहे ग्राहक कल्याण कार्यक्रमों की भी चर्चा की। ग्राहक हित में विभाग को और क्या करना चाहिए इसके लिए सुझाव भी मांगे। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉ के के गुप्ता ने ग्राहक आंदोलन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष ग्राहक पंचायत के जयपुर प्रांत अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र पारीक ने ग्राहक पंचायत के कार्यों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष पं धर्मवीर शर्मा ने कहा की ग्राहक शोषण को रोककर ही समृद्ध भारत का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान ग्राहक जागरूकता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राहकों के लिए 'बिंदु माधव जोशी ग्राहक जागरूकता पुरस्कार' से तीन जागृत ग्राहक शिल्पा गुप्ता, पूनम जैन एवं रजनीश बांगा को सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का परिचय एवं कार्यक्रम की प्रस्तावना ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनील जैन द्वारा की गई वहीं धन्यवाद ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा द्वारा ज्ञापित किया गया। मंच का संचालन एडवोकेट रचना गोयल एवं प्रमोद शर्मा ने सामूहिक रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में प्रांत अध्यक्ष भूपेंद्र पारीक द्वारा अलवर नगर के लिए प्रमोद शर्मा को नगर अध्यक्ष एवं दीपक गुप्ता को नगर सचिव के दायित्व की घोषणा की गई। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सुरेश यादव, जिला कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश अग्रवाल, चक्रवर्ती शर्मा, उमेश शर्मा, चंद्र मोहन, सुरेन्द्र शर्मा, अरविंद सिंह, दौलत प्रजापति, राजकुमार तीर्थानी, जोगेंदर गुप्ता, ममता गुप्ता, यशवंत गुप्ता, आनंद अग्रवाल, गोपेश अग्रवाल, राजेश मुद्गल, आदि जैन, विवेक खंडेलवाल सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हीरा नाथ जी की बगीची आश्रम पर हुआ पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन

### श्रद्धालुओं ने पाई श्रद्धा के आशीर्वाद में पौष बड़े की प्रसादी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** शहर के कालीमोरी स्थित बाबा हीरा नाथ जी की बगीची आश्रम पर रविवार को पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पौष बड़े की प्रसादी पाई। पौष बड़ा महोत्सव में श्रद्धालुओं ने पहले बाबा हीरानाथ जी के ढोक लगाई ओर बाबा का आशीर्वाद लिया। इसी दौरान आश्रम के महंत रूपनाथ जी से भी आशीर्वाद लिया। पौष बड़ा महोत्सव पर श्रद्धालुओं ने पकौड़े, हलुआ, जलेबी, चाउमीन, गोलगप्पे, काफ़ी आदि का स्वादभरा प्रसाद पाया। यह आयोजन सुबह 10 बजे से बाबा की इच्छा तक चला। महंत रूपनाथ ने बताया कि बाबा हीरानाथ की बगीची आश्रम प्राचीन है ओर श्रद्धालुओं में बाबा के प्रति पूरा विश्वास व श्रद्धा है। यहां दूर दराज से बड़ी संख्या में साधु सन्त भी आते हैं।



### ट्रैफिक पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**अलवर।** ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को शहर में बड़ी कार्रवाई करते हुए नो पार्किंग में खड़े दुपहिया व चौपहिया वाहनों को जप्त किया है। वहीं वाहन चालकों को यातायात नियमो का सख्ती से पालन करने की सलाह दी।

## केंद्र व राज्य सरकार खेल सुविधाओं को बढ़ाने एवं खिलाड़ियों को बेहतरीन प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने युवा खेल विकास समिति राजस्थान क्रीडा भारती के द्वारा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित 13वां युवा खेल सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि ओलम्पिक मेडलिस्ट देवेन्द्र झांझड़िया के साथ विजेता खिलाडियों एवं खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने आयोजक मंडल को साधुवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए देश में अब बेहतरीन कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि अलवर जिले में अलवर सांसद खेल उत्सव एवं अलवर टाइगर मैराथन के माध्यम से जिले के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने जिले में न केवल बेहतरीन खेल माहौल तैयार किया है, बल्कि खिलाडियों को आगे बढ़ने के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के साथ खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से इजाफा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अलवर में 8 करोड़ रूपये की लागत से पीएम श्री नवीन स्कूल में हॉकी का एस्ट्रॉट्रफ जल्द बनेगा। इसी प्रकार अलवर स्टेडियम में 7.5 करोड़ रूपये की लागत से सिंथेटिक ट्रेक की शीघ्र सौगात मिलेगी। खैरथल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी एकेडमी बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सभी संसाधानों की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने आयोजकों की मांग पर खिलाड़ियों को निःशुल्क सरिस्का भ्रमण कराने की घोषणा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओलम्पिक मेडलिस्ट देवेन्द्र झांझड़िया ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के लिए जिस प्रकार कार्य हो रहा है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंत्र देते हुए कहा कि पूर्ण निष्ठा एवं अनुशासन के साथ निरन्तर तैयारी करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जंक फूड, चाय व सोशल मीडिया से दूरी बनाएं। उन्होंने कहा कि अच्छे खिलाड़ी बनने के लिए खेल भावना की भी महती आवश्यकता रहती है। उन्होंने वन राज्यमंत्री संजय शर्मा के प्रतिदिन एक पेड़ लगाने के संकल्प को सभी के लिए प्रेरणास्पद बताया। युवा खेल विकास समिति के सचिव रजनीश जैमन ने युवा खेल विकास समिति के द्वारा 13वें युवा खेल सप्ताह के दौरान आयोजित कराए गए 34 प्रकार के खेलों एवं समिति के द्वारा निरन्तर खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए खेल प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के संबंध में प्रतिवेदन के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की। समारोह में अतिथियों के द्वारा युवा खेल विकास समिति की ओर से पहली बार शुरू किए गए मत्स्य गुरू द्रोणाचार्य अवार्ड से स्केटिंग के प्रशिक्षक चंद्रमोहन को 5100 रूपये के चेक एवं प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिनह भेंट कर सम्मान किया एवं मत्स्य खेल रत्न अवार्ड से पावर लिफ्टिंग के खिलाड़ी दीपक शर्मा एवं खो-खो के खिलाड़ी भूपेन्द्र सिंह को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही खेल सप्ताह के दौरान विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट सम्मानित किया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दौरान युवा खेल विकास समिति राजस्थान के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व राकेश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी महेश मेहता, क्रीडा भारती के अध्यक्ष अरूण जोशी, उत्तम सैनी, पं. जलेसिंह, सतीश यादव, बिशन कालरा, युवा खेल विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. शैलेश शर्मा, जितेन्द्र राठौड़, सुभाष अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, आशीष जैमन, आकाश जैमन सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं आमजन मौजूद रहे। मंच संचालन रेखा महलावत ने किया।

# प्रदेश में सड़कों पर डोटासरा और विधानसभा में जूली के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रभावी प्रदर्शन की तैयारी

### केंद्र की मोदी और प्रदेश की भजन लाल सरकार को घेरने की योजना तैयार कर रही कांग्रेस

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में चालू माह के अंत में राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र का आगाज होने वाला है इसलिए बजट सत्र में प्रदेश की भजनलाल सरकार को कटघरे में खड़ा करने के लिए कांग्रेस पार्टी अपनी रणनीति तैयार करने में जुट गई है प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली आगामी बजट सत्र को लेकर काफी गंभीर और अलर्ट मोड पर दिख रहे हैं इस बजट सत्र में कांग्रेस पार्टी कई बड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर केंद्र की मोदी और प्रदेश के भजनलाल सरकार पर हमला बोलने की रणनीति तैयार कर रही है



इसके लिए प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली पूरी तरह से तैयार दिख रहे हैं वैसे तो कांग्रेस पार्टी आगामी बजट सत्र में अरावली पर्वतमाला वोट चोरी मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य में लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने मनरेगा जैसे बड़े मामलों को लेकर पिछले कुछ दिनों से लगातार प्रदेश सरकार पर और केंद्र सरकार पर हमला बोल रही है इसलिए इन ज्वलंत मुद्दों को लेकर तो विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस पार्टी प्रभावी तरीके से अपना पक्ष रखते हुए सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करेगी ही इसके अलावा प्रदेश से जुड़े कहीं और विषयों को लेकर भी विपक्ष सदन में सत्ता पक्ष को बैक फुट पर करने का प्रयास करेगा जानकारी के अनुसार प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने बजट सत्र में सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने के लिए कांग्रेस पार्टी के विधायकों से बातचीत करनी शुरू करती है और जल्दी ही कांग्रेस पार्टी के सभी विधायकों के साथ सामूहिक रूप से बैठकर बजट सत्र को लेकर चर्चा भी करने वाले हैं कैसे और किस तरह से और किन विषयों को लेकर सरकार को सदन में बैक फुट पर करना है किन-किन मुद्दों को किस-किस तरीके से सदन में उठना है सदन में प्रश्नकाल के दौरान सरकार के मंत्रियों को घेरने की योजना को लेकर भी बैठक में चर्चा होगी इसके अलावा कहा जा रहा है कि पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, राइजिंग राजस्थान, प्रवासी राजस्थान, कानून और शांति व्यवस्था , पुलिसिंग, उद्योग ,फसल को हुए नुकसान में मुआवजा इत्यादि विषयों से संबंधित जटिल सवाल पूछने के लिए विधायकों को अलग-अलग विषय सुनिश्चित किए जाएंगे ताकि विधायक पूरी तैयारी और प्रभावी तरीके से सरकार के मंत्रियों से सवाल पूछ कर उन्हें सदन में बैक फुट पर किया जा सके प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा मनरेगा अरावली पर्वतमाला जैसे विषयों को लेकर पहले ही प्रदेश में प्रभावी आंदोलन शुरू करने की बात कह चुके हैं तीन-चार दिन में ही कांग्रेस पार्टी में पांच और नए जिला अध्यक्षों की घोषणा होने की बात भी कहीं जा रही है इस तरह से कांग्रेस के सभी 50 जिलों में पार्टी के नए अध्यक्ष नियुक्त होने की वजह से कांग्रेस पार्टी इस बार सभी जिलों में बड़े-बड़े धरने प्रदर्शन रेलिया आयोजित करने का दावा कर रही है इसलिए कहा जा रहा है कि एक तरफ जहां गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश भर में सड़कों पर पूरी कांग्रेस को उतार रहे हैं तो दूसरी तरफ टीकाराम जूली विधानसभा में सत्ता पक्ष की नींद हराम करने की योजना तैयार कर रहे हैं ।

## सोशल मीडिया से युवती से दोस्ती शादी का झांसा और फिर होटल में दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक युवक ने सोशल मीडिया के माध्यम से पहले एक लड़की से दोस्ती की फिर उसे अपने प्रेम जाल में फसाया और फिर शादी का झांसा देकर उसे घूमने के लिए अजमेर लेकर आ गया जहां पर होटल में उसने लड़की के साथ दुष्कर्म किया और फिर अश्लील वीडियो भी तैयार किया पीड़ित लड़की ने अपने साथ हुई इस घटना के बारे में चित्तौड़गढ़ पुलिस को शिकायत की जिसके बाद यह मामला अब अजमेर की दरगाह पुलिस स्टेशन को जांच के लिए भिजवाया गया दरगाह थाना पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है आरोपी युवक का नाम मोहित है पुलिस आरोपी मोहित के नाम पते मालूम कर रही है और पीड़िता का मेडिकल भी करवाया जा रहा है पीड़िता आरोपी मोहित के संपर्क में कैसे आई किस तरह से आई और वह कब से मोहित के संपर्क में थी इस बारे में पीड़िता ने मोहित के मोबाइल फोन नंबर भी पुलिस को उपलब्ध करवाए हैं पुलिस मोहित के मोबाइल नंबर के आधार पर मोहित तक पहुंचने का प्रयास कर रही है पुलिस का कहना है कि फिलहाल मोहित पुलिस के कब्जे में नहीं आया है मोहित को पकड़ने के लिए पुलिस की एक टीम उत्तर प्रदेश भेजी गई है अजमेर के दरगाह थाना क्षेत्र में जिस होटल में पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया गया उस होटल के सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड को भी पुलिस चेक कर रही है इसके अलावा होटल प्रशासन से जुड़े लोगों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है आरोपी मोहित पीड़ित लड़की को कहां-कहां लेकर गया और कहां-कहां वह रुक उन सब पैलेस की तस्दीक की जा रही है ।

## सरसों के खेत में 7 साल के बच्चे की हत्या की हुई लाश मिली, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अलवर जिले के रेनी थाना इलाके में सरसों के खेत में 7 साल के बच्चे की हत्या की हुई लाश मिलने के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई मृतक बच्चे के पिता का नाम फारूक है जो मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और यहां मजदूरी के लिए अपने परिवार के साथ आया हुआ था मृतक बच्चे के पिता ने इस मामले में एक युवक पर संदेह जताया है जिसके बाद पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है पुलिस मृतक बच्चे का पोस्टमार्टम करवा रही है तथा मौके से आवश्यक सबूत और तथ्य भी जुटाए गए हैं पुलिस इस मामले में इस बात की भी जांच कर रही है कि बच्चे के साथ कहीं कोई गलत कृत्य तो नहीं हुआ क्योंकि बच्चा 7 साल का था और 7 साल के बच्चे की हत्या के पीछे एक कारण यह भी हो सकता है कि कहीं बच्चे के साथ दुराचार किया गया हो और दुराचार करने के बाद बच्चे के पहचान की वजह से उसकी हत्या कर दी गई हो इसलिए पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है तथा मृतक बच्चे के पिता ने जिस युवक पर संदेह जताया है उससे भी पूछताछ करेगी उधर बच्चों की मौत के बाद बच्चे की मां और पिता का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है आसपास के लोग भी इस हत्याकांड को लेकर काफी दुखी है इसलिए हत्यारे को जल्दी से जल्दी पकड़े जाने की मांग स्थानीय लोग कर रहेहैं ।

## कुत्ते का आतंकः 9 साल के बच्चे को काटा और भेड़ के 15 बच्चों को मौत के घाट उतार दिया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग दहशत में हैं कई जगहों पर पिछले कुछ दिनों से रोजाना आवारा कुत्तों के काटे जाने की वजह से बच्चे और लोग घायल हो रहे हैं अभी कुछ दिन पहले ही जोधपुर के उदय मंदिर थाने में दो महिला कांस्टेबल को एक स्वान ने काट दिया था जोधपुर में ही एक अन्य जगहों पर अजय नाम के बच्चे पर भी कुत्ते ने हमला बोला जिसकी वजह से वह घायल हो गया अब बीकानेर के पूगल क्षेत्र में 8 एमएल देरी तलाई गांव में एक आतंकी कुत्ता भेड़ बकरियों के बारे में घुस गया और वहां उसने भेड़ के छोटे-छोटे बच्चों पर जानलेवा हमला बोला जिसकी वजह से 15 भेद के बच्चे मौके पर ही मौत के मुंह में चले गए इस दौरान 19 साल का बच्चा अपने पालतू पशुओं को बचाने के लिए वहां आया तो कुत्ते ने उसे पर भी जोरदार हमला बोला और उसे भी काट दिया जिसकी वजह से बच्चा भी घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है इस तरह से यहां काफी देर तक कुत्ते ने आतंक मचाए रखा यह भेड़ बकरियों का अड्डा आशु नाम के एक पशु पालक का है अब जिस तरह से यहां भेड़ के 15 बच्चे मौत के मुंह में गए हैं उसे पशुपालक को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है उसका बच्चा कुत्ते के काटने से घायल हुआ है इसलिए आसपास के लोगों ने भी सरकार से मुआवजे की मांग की है स्थानीय नागरिकों ने पुलिस और जिला प्रशासन से आवारा कुत्ते को पकड़ने की भी मांग की है यह कुत्ता फिर से स्थानीय लोगों और स्थानीय पालतू पशुओं को नुकसान पहुंचा सकता है इसलिए इलाके के लोगों में इस कुत्ते को लेकर डर छाया हुआ है हालांकि कुत्ते को पकड़ने के प्रयास भी शुरू किए गए हैं लेकिन खबर लिखे जाने तक कुत्ता पकड़ में नहीं आ पाया था इसलिए जब तक यह कुत्ता पकड़ में नहीं आ पाएगा तब तक स्थानीय लोग खुद अपनी और अपने पालतू पशुओं की जिंदगी की रक्षा कर रहे ।

## कांग्रेस के नेता मेंढकों की तरह इधर-उधर उछलते फिर रहे है, डोटासरा अपना घर संभालें : मदन राठौड़

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि डोटासरा को इस बात की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है कि मैं क्या कर रहा हूं या क्या नहीं कर रहा हूं। मेरा संगठन और मीडिया यह देख रहा है वही पर्याप्त है। राठौड़ ने कहा कि उन्हें गोविंद सिंह डोटासरा से किसी प्रकार का सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि डोटासरा पहले अपना घर



संभालें मेरी पार्टी की चिंता न करें। कांग्रेस की स्थिति ऐसी हो गई है कि उनके नेता मेंढकों की तरह इधर-उधर उछलते फिर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि मेरी पार्टी मेरा परिवार है और उसे कैसे संभालना है यह मेरा काम है। मैं अपने संगठन को मजबूती से संभाल रहा हूं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को चाहिए कि वे पहले अपने दल में व्याप्त अव्यवस्था को नियंत्रित करें, हमारी चिंता करना छोड़ दें। राठौड़ ने दोहराया कि भाजपा एक संगठित और अनुशासित पार्टी है और आने वाले समय में संगठन और अधिक सशक्त होकर जनता के बीच काम करता रहेगा। राठौड़ ने कहा कि डोटासरा का बयान कांग्रेस की हताशा और राजनीतिक दिवालियेपन को दर्शाती है। भाजपा नेताओं पर व्यक्तिगत और स्तरहीन टिप्पणियां करना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है जो अब और उजागर हो गई है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को जनता के सवालों और अपनी विफलताओं का जवाब देने के बजाय अनर्गल बयानबाजी में समय बर्बाद करने की आदत हो गई है। डोटासरा को पहले यह बताना चाहिए कि कांग्रेस शासन में राजस्थान को क्या उपलब्धियां मिलीं और आज उनकी पार्टी क्यों बिखराव की स्थिति में है। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जनहित के निर्णय ले रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राजस्थान विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इसी से घबराकर कांग्रेस नेता तथ्यहीन और हास्यास्पद बयान दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस चाहे जितनी बयानबाजी कर ले, लेकिन जनता सच्चाई जानती है।

## *अजय माकन के नेतृत्व में प्रदेश में मनरेगा संग्राम अभियान समिति का गठन, समिति में नौ नेता शामिल*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कांग्रेस पार्टी मनरेगा को लेकर पूरे देश भर में जोरदार तरीके से आंदोलन तैयार करने की रणनीति में जुट गई है इसी क्रम में राजस्थान में भी कांग्रेस के दिग्गज नेता अजय माकन के नेतृत्व में मनरेगा संग्राम अभियान समिति का गठन किया गया है इस समिति में कांग्रेस पार्टी के 9 नेताओं को शामिल किया गया है इस समिति के माध्यम से पूरे प्रदेश भर में कांग्रेस पार्टी जल्दी ही मनरेगा को लेकर सड़कों पर उतरने जा रही है जानकारी के अनुसार अजय माकन की अध्यक्षता में गठित की गई इस विशेष कमेटी को पूरे राजस्थान में प्रभावी और शानदार तरीके से आंदोलन संपादित किए जाने की जिम्मेदारी दी गई है यह समिति पूरे प्रदेश भर में आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी प्रदेश में कैसे किस तरह से कहां-कहां किस-किस नेता की अगुवाई में आंदोलन होगा तथा धरने रैली प्रदर्शन जुलूस ज्ञापन इत्यादि विषयों के बारे में समिति बाकायदा पूरा कार्यक्रम निर्धारित करेगी और समिति के दिशा निर्देशों के आधार पर ही पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी आंदोलन को संपादितकरेगी समिति में आजमाकन के अलावा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह , प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, सचिन पायलट, अशोक गहलोत जैसे नेताओं को भी शामिल किया गया है कमेटी की पहली बैठक बहुत जल्दी ही आयोजित होने वाली है और इस पहली बैठक में ही समिति आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा तैयार करेगी और फिर जहां-जहां जिस जिस नेता के नेतृत्व में आंदोलन किया जाएगा उन्हें प्रभावी और जोरदार तरीके से आंदोलन संपादित करने के निर्देश दिए जाएंगे पिछले दिनों गोविंद सिंह डोटासरा ने साफ कह दिया था कि जो नेता पार्टी के



लिए काम करेगा तन मन से पार्टी की सेवा करेगा और जो पार्टी के निर्देशों के अनुसार पूरी मेहनत से कार्य करेगा पार्टी उसे चुनाव के लिए टिकट देगी अब उन नेताओं को टिकट नहीं मिलेगा जो सिर्फ चुनाव के दौरान ही सक्रिय होते हैं डोटासरा ने साफ कहा था कि जो हमेशा पार्टी के संगठन को मजबूती देने के लिए और पार्टी के कार्यक्रमों में उपस्थिति दिखाने वाले नेताओं को ही अब पार्टी टिकट देगी इस तरह से अब राजस्थान कांग्रेस कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार के निर्देश पर मनरेगा को लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन शुरू करने जा रही है पार्टी के जिला अध्यक्षों को भीमनरेगा आंदोलन के बारे में मोटे रूप से जानकारी पहले ही दे दी गई है अब जिस तरह से अजय माकन की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है उसके बाद ऐसा दिख रहा है कि कांग्रेस पार्टी बहुत जल्दी ही अब राजस्थान की सड़कों पर पूरे प्रदेश में दिखने वाली ।

## 7 डिजिटल घोटाले में परिवहन विभाग की ओर से पहली एफआईआर, 39 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** करोड़ों रुपए के 7 डिजिटल घोटाले में जयपुर आरटीओ की ओर से पुलिस में पहला मामला दर्ज करवाया गया है गांधीनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाए गए इस मामले में 39 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है जिसमें वाहन मालिक परिवहन विभाग के दलाल और परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल बताए गए हैं हालांकि सरकार की ओर से यह निर्देश दिया गया था कि इस मामले में परिवहन अधिकारी खुद मामला दर्ज करवाई लेकिन यह मामला जयपुर आरटीओ दफ्तर में तैनात कर्मचारियों की ओर से करवाया गया है इस मामले में प्रदेश भर के परिवहन अधिकारियों में थोड़ी नाराजगी भी है परिवहन अधिकारियों का कहना है कि वह पहले खुद इस मामले की जांच करेंगे लेकिन व्यापक तौर पर हुए इस घोटाले को लेकर प्रदेश की भजनलाल सरकार काफी सख्त मूड में थी इसीलिए सरकार ने परिवहन अधिकारियों को खुद मामला दर्ज करवाने के निर्देश दिए थे कहा जा रहा है कि अभी फिलहाल यह है जयपुर आरटीओ प्रथम दफ्तर की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है लेकिन यह घोटाला पूरे प्रदेश में हुआ है और प्रदेश भर में परिवहन विभाग के करीब 350 अधिकारियों और कर्मचारियों के इस घोटाले में शामिल होने की बात कही जा रही है अब देखने वाली बात यह है कि पुलिसइस मामले की जांच कितने दिन में कंप्लीट करती है और पुलिस की जांच में क्या-क्या निकलकर सामने आता है जानकारी के अनुसार इस घोटाले के उजागर होने के बाद परिवहन विभाग की ओर से वाहनों का भौतिक सत्यापन करवाया गया था जिसमें कई वाहन मालिक अपने वाहन लेकर परिवहन विभाग के दफ्तर में भी आए लेकिन अनेक ऐसे वाहन मालिक भी थे जिन्होंने अपने व्हीकल का भौतिक सत्यापन नहीं करवाया इसलिए कहा जा रहा है कि करीब 1000 व्हीकल की आरसी परिवहन विभाग की ओर से रद्द की जा सकती है जानकारी के अनुसार गांधीनगर पुलिस स्टेशन में गंभीर धाराओं के तहत यह मामला दर्ज हुआ है फर्जी और गलत दस्तावेजों के आधार पर यह बड़े तौर पर धोखाधड़ी और घोटाला किया गया जिसमें झुंझुनू राजसमंद सवाई माधोपुर में वाहनों का रिटेंशन किया गया ।

## चोमू में कालिंद्री मस्जिद विवादः कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की टीम करेगी जांच

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के निकट चोमू में पिछली 25 दिसंबर को चोमू बस स्टैंड पर स्थित कालिंद्री मस्जिद के सामने अतिक्रमण हटाने गए पुलिस कर्मियों पर एक संप्रदाय विशेष के लोगों की ओर से पत्थर फेंकने के मामले के बाद जो तनाव की स्थिति वहां बनी थी वह तनाव अब दूर हो गया है इस मामले में 19 अपराधी अभी जेल में है और कई अपराधियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था जिनकी जमानत भी हो चुकी है इसके अलावा इस मामले में आरोपी लोगों की ओर से पठानों का मोहल्ला इमाम चौक और कई जगह पर जो अतिक्रमण किए गए थे उन अतिक्रमण को भी पुलिस प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन की ओर से हटा दिया गया है मामला अब शांत हो गया है लेकिन कांग्रेस पार्टी और भारतीय जनता पार्टी इस मामले को लेकर आमने-सामने आ गए हैं एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का कहना है कि कालिंद्री मस्जिद के सामने कोर्ट के स्ट के अलावा जिस जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ है उसे अतिक्रमण को हटाया जाए और इस मामले में पत्थर फेंकने वालों के खिलाफ पुलिस और जिला प्रशासन ने जो कार्रवाई की है वह उचित है तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के नेताओं का कहना है कि प्रदेश के भाजपा सरकार सिर्फ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की वजह से यहां जानबूझकर एक संप्रदाय विशेष के लोगों को टारगेट कर रही है इसीलिए कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग की एक टीम की ओर से यहां अब अपने स्तर पर जांच की जा रही है संपूर्ण जांच रिपोर्ट तैयार करके समिति कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी प्रदेश कांग्रेस की ओर से यह रिपोर्ट पार्टी के दिल्ली दरबार को भी भेजी जा सकती है फिलहाल प्रदेश कांग्रेस की अल्पसंख्यक विभाग की एक टीम मौके पर जाएगी और घटना से जुड़े प्रत्येक तथ्य की बारीकी से जानकारी हासिल करेगी इस मामले में कानून से जुड़े विषयों की भी जांच पड़ताल की जाएगी पिछले दिनों चोमू में पत्थर फेंकने वालों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन का जो कड़ा रुख देखने को मिला और जिस तरह से योगी स्टाइल में पत्थर फेंकने वाले लोगों के अतिक्रमण मौके पर जाकर हटाए गए उसके बाद चोमू का यह मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया और लोगों में चर्चा होने लगी कि अब राजस्थान में भी योगी स्टाइल में प्रदेश की भजनलाल सरकार कार्रवाई करने लगी है इस मामले में पिछले दिनों चोमू के भाजपा के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिले थे और उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा था कि कालिंद्री मस्जिद के सामने कोर्ट के स्टॉक के अलावा भी जो कालिंद्री मस्जिद के सामने कोर्ट के स्थगन आदेश के अलावा भी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ है उसको हटाया जाए जिसके जवाब में मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया था कि इस पूरे मामले में कानून और नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी ।

## किसानों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेगा किसान मोर्चा : कैलाश चौधरी

### पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में किसान मोर्चा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान भाजपा के किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में किसान मोर्चा के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला इस मौके पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ और दिल्ली से किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री रामनरेश सहित प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े कई नेता शामिल रहे कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कैलाश चौधरी ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा हाई कमान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ,मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सभी का आभार प्रकट किया और कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से किसानों के कल्याण और विकास के लिए जो योजनाएं संचालित की जा रही है किसान मोर्चा उन योजनाओं को निचले स्तर तक पहुंचाएगा उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषक की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने की दिशा में किसान मोर्चा मजबूती से काम करेगा उन्होंने कहा कि किस की जो उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा सतत रूप से किसानों के बीच मौजूद रहेगा किसानों से बातचीत करता रहेगा किसान की जो पीड़ा और तकलीफ होगी उसके निदान के लिए किसान मोर्चा केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार के बीच मध्यस्थता की भूमिका निभाते हुए किसानों के कल्याण के लिए कार्य करेगा उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने और प्रदेश के भजनलाल सरकार ने किसानों के कल्याण और विकास के लिए अपनी ओर से




कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है दोनों ही सरकारी किसानों के कल्याण और विकास के लिए सतत प्रयास कर रही है भजनलाल सरकार ने एक तरफ जहां किसान सम्मन निधि की राशि में बढ़ोतरी करके किसान की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की है तो दूसरी तरफ सरकार ने किसानों के कल्याण और विकास के लिए बहुत सी योजनाएं और बहुत से निर्णय लिए हैं उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो यह बड़ी जिम्मेदारी दी है वह अपनी इस जिम्मेदारी को पूरी मेहनत और लगन के साथ निभाएंगे। चौधरी ने कहा कि पहले भी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहे हैं और किसानों से उनका शुरू से ही लगाव रहा है इसलिए किसान मोर्चा की गतिविधियों को और तेजी से आगे बढ़ाएंगे जानकारी के अनुसार कैलाश चौधरी पूर्व में मोदी सरकार में राज्य मंत्री रह चुके हैं और कृषि राज्य मंत्री के रूप में कार्य करने का इन्हें अच्छा अनुभव हासिल है और कृषक की पीड़ा और तकलीफ को अच्छी तरह से समझते भी हैं और उनका निदान भी निकालते हैं चौधरी पूर्व में किसान मोर्चा के अध्यक्ष रहने के अलावा राजस्थान विधानसभा के सदस्य भी रह चुके हैं इसलिए चौधरी के पास प्रदेश भर में एक अच्छी टीम है इसलिए उनके अच्छे कार्यकाल के बारे में किसी को भी संदेह नहीं होना चाहिए क्योंकि केंद्र में मंत्री रहने के दौरान भी कैलाश चौधरी ने शानदार काम करके दिखाया था ।

# प्रदेश में गांव-गांव में पैंथर के मूवमेंट से लोगों में दहशत

### भरतपुर और झुंझुनू में खेतों में दिखे पैंथर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में कई जगहों पर पैंथर के मूवमेंट से लोगों में दहशत छाई हुई है खेत में फसल की रखवाली कर रहे किसानों में भी इन पैंथर को लेकर काफी डर छाया हुआ है रोजाना प्रदेश में किसी ने किसी इलाके में पैंथर नजर आ रहा है जो लोगों के लिए तो मुसीबत बने हुए हैं ही इसके अलावा पुलिस जिला प्रशासन और वन विभाग के अधिकारी भी इन पैंथर को लेकर काफी परेशान है अभी हाल ही में भरतपुर जिले के जय चोली और हैबीपुरा गांव में खेतों में पैंथर के नजर आने से किसानों में दहशत



छाई हुई है किसानों ने बाकायदा मोबाइल से पैंथर का वीडियो भी तैयार किया है और इस बारे में पुलिस जिला प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों को भी सूचित किया सूचना के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी पैंथर की लोकेशन का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं ताकि पैंथर का रेस्क्यू किया जा सके इसी तरह से झुंझुनू जिले के टाइ गांव में भी पैंथर के दिखाई देने की वजह से स्थानीय लोगों में डर छाया हुआ है हालांकि लोगों से सूचना मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी पैंथर को पकड़ने के लिए मौके पर पहुंचे हैं लेकिन पैंथर की वस्तु स्थिति का पता नहीं लग पा रहा जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में इन दिनों गेहूं जो और सरसों इत्यादि की फसल खेतों में है और खेत में फसल की जानवरों से रखवाली करने के लिए किसान सुबह से लेकर देर रात तक खेत में ही रहते हैं कई किसान तो खेत में ही रात को सोते भी हैं इसलिए अब जिस तरह से पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में कई जगहों पर खेतों में पैंथर दिखाई दे रहा है उसकी वजह से किसान भी अपने जीवन को लेकर चिंतित हैं जानकारी लोगों का कहना है कि प्रदेश में वन क्षेत्र लगातार घटता जा रहा है खनन से पहाड़ियां वीरान होती जा रही है ऐसे में पहाड़ियों में रहने वाले वन्य जीव खाने-पीने और अपनी प्यास बुझाने के लिए जंगल से निकाल कर आवासीय इलाकों और खेतों की ओर अपना रुख कर रहे हैं जानकार लोगों का कहना है कि पैंथर काफी फुर्तीला होता है और काफी तेज दौड़ लगता है इसलिए इसको पकड़ना हमेशा काफी मुश्किल रहता है और एक ही जगह पर रहने की बजाय वह इधर-उधर चहल कदमी और दौड़ लगाता रहता है इसलिए पैंथर जल्दी से पकड़ में भी नहीं आता पैंथर पलक झपकते ही आवासीय इलाकों में आ जाता है और फिर पलक झपकते ही नजदीक के जंगल में चला जाता है जिसकी वजह से पैंथर को पकड़ पाना वन विभाग के लिए हमेशा काफी मुश्किल होता है राजस्थानी जयपुर में भी पिछले कुछ महीनो से नियमित रूप से पैंथर शहर के कई इलाकों में देखने को मिले कुछ जगहों पर वन विभाग की टीमों ने रेस्क्यू करके पैंथर को पकड़ा भी है जयपुर में झालाना की डूंगरी और नाहरगढ़ की पहाड़ियों से खाने पीने और पानी की तलाश में आए दिन निकट की कॉलोनी में चले आते हैं अभी 2 दिन पहले ही वाटिका में पैंथर का मूवमेंट देखने को मिला था इससे पहले जयपुर में दुर्गापुर चांदपोल सी स्कीम इत्यादि इलाकों में पैंथर का मूवमेंट रहा इसलिए इन पैंथर के मूवमेंट पर अब कड़ी निगरानी रखने के लिए इन्हें खुफिया कैमरे की निगरानी में रखने का निर्णय लिया गया है इन्हें कॉलर सिस्टम के माध्यम से जोड़कर उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाएगी और जो पैंथर बार-बार जंगल छोड़कर रिहायसी इलाके में घुस जाता है उसको पकड़ कर दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाएगा ।

संपादकीय जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
5 जनवरी, 2026

## कहानी

### साधु और चूहा

महिलरोपयम नामक एक दक्षिणी शहर के पास भगवान शिव का एक मंदिर था। वहां एक पवित्र ऋषि रहते थे और मंदिर की देखभाल करते थे। वे भिक्षा के लिए शहर में हर रोज जाते थे, और भोजन के लिए शाम को वापस आते थे। वे अपनी आवश्यकता से अधिक एकत्र कर लेते थे और बाकि का बर्तन में डाल कर गरीब मजदूरों में बाँट देते थे जो बदले में मंदिर की सफाई करते थे और उसे सजावट का काम किया करते थे। उसी आश्रम में एक चूहा भी अपने बिल में रहता था और हर रोज कटोरे में से कुछ न कुछ भोजन चुरा लेता था। जब साधु को एहसास हुआ कि एक चूहा भोजन चोरी करता है तो उन्होंने इसे रोकने के लिए सभी तरह की कोशिशें की। उन्होंने कटोरे को काफी उचाई पर रखा ताकि चूहा वहां तक पहुँच न सके, और यहां तक कि एक छड़ी के साथ चूहे को मार भगाने की भी कोशिश की, लेकिन चूहा किसी भी तरह कटोरे तक पहुंचने का रास्ता ढूंढ लेता और कुछ भोजन चुरा लेता था। एक दिन, एक भिक्षुक मंदिर की यात्रा करने के लिए आये थे। लेकिन साधु का ध्यान तो चूहे को डंडे से मारने में था और वे भिक्षुक से मिल भी नहीं पाए, इसे अपना अपमान समझ भिक्षुक क्रोधित होकर बोले 'आपके आश्रम में फिर कभी नहीं आऊंगा क्योंकि लगता है मुझसे बात करने के अलावा आपको अन्य काम ज्यादा महत्वपूर्ण लग रहा है।' साधु विनम्रतापूर्वक चूहे से जुडी अपनी परेशानियों के बारे में भिक्षुक को बताते हैं, कि कैसे चूहा उनके पास से भोजन किसी न किसी तरह से चुरा ही लेता है, 'यह चूहा किसी भी बिल्ली या बन्दर को हरा सकता है अगर बात मेरे कटोरे तक पहुंचने कि हो तो! मैंने हर कोशिशें की हैं लेकिन वो हर बार किसी न किसी तरीके से भोजन चुरा ही लेता है। भिक्षुक ने साधु की परेशानियों को समझा, और सलाह दी, 'चूहे में इतनी शक्ति, आत्मविश्वास और चंचलता के पीछे अवश्य ही कुछ न कुछ कारण होगा'। मुझे यकीन है कि इसने बहुत सारा भोजन जमा कर रखा होगा और यही कारण है कि चूहा अपने आप को बड़ा महसूस करता है और इसी से उसे ऊँचा कूदने कि शक्ति मिलती है। चूहा जानता है कि उसके पास कुछ खोने के लिए नहीं है इसलिए वो डरता नहीं है।' इस प्रकार, साधू और भिक्षुक निष्कर्ष निकालते है कि अगर वे चूहे के बिल तक पहुंचने में सफल होते है तो वे चूहे के भोजन के भंडार तक पहुंचने में सक्षम हो जाएंगे। उन्होंने फैसला किया कि अगली सुबह वो चूहे का पीछा करेंगे और उसके बिल तक पहुंच जाएंगे। अगली सुबह वो चूहे का पीछा करते हैं और उसके बिल के प्रवेश द्वार तक पहुंच जाते है। जब वो खुदाई शुरू करते है तो देखते हैं की चूहे ने अनाज का एक विशाल भंडार बना रखा है, फ़ौरन ही साधु ने सारा चुराया गया भोजन एकत्र करके मंदिर में लिवा ले जाते है। वापस आने पर अपना सारा अनाज गायब देख चूहा बहुत दुखी हुआ और उसे इस बात से गहरा झटका लगा और उसने सारा आत्मविश्वास खो दिया। अब चूहे के पास भोजन का भंडार नहीं था, फिर भी उसने फैसला किया कि वो फिर से रात को कटोरे से भोजन चुराएगा। लेकिन जब उसने कटोरे तक पहुँचने की कोशिश की, तब वह धड़ाम से नीच गिर गया और उसे यह एहसास हुआ कि अब न तो उसके पर शक्ति है, और न ही आत्मविश्वास। उसी समय साधु ने भी छड़ी से उसपर हमला किया। किसी तरह चूहे ने अपनी जान बचायी और भागने में कामयाब रहा और फिर वापस मंदिर कभी नहीं आया। 'यदि हमारे पास भी संसाधनों की कमी न हो तो हम मे भी अद्भुत शक्तियां और आत्मविश्वास की कमी कभी नहीं आ सकती।'

# कानूनी अधिकार बने स्वच्छ पानी

इसके बावजूद जल गुणवत्ता कभी भी उतनी राजनीतिक प्राथमिकता नहीं बन पाती, जितनी अन्य पर्यावरणीय संकेतक बनते हैं। वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में 120वें स्थान पर है। अनुमान है कि देश के लगभग 70 प्रतिशत जलस्रोत दूषित हैं। दूषित पानी से होने वाली बीमारियां काम के दिनों की हानि, बढ़ते चिकित्सा खर्च और श्रम उत्पादकता में गिरावट का दुष्चक्र पैदा करती हैं। जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्रालय के अनुसार, इससे 3.77 करोड़ लोग प्रभावित होते हैं और हर साल करीब 7.3 करोड़ कार्यदिवसों का नुकसान होता है। इन प्रकोपों की जड़ अक्सर जलस्रोत नहीं, बल्कि वह यात्रा होती है, जो पानी स्रोत से नल तक तय करता है। कई शहरों में रिपोर्टें बताती हैं कि सीवर का पानी पेयजल पाइपलाइनों में मिल जाता है। यह शहरी शासन की एक जानी-पहचानी विफलता है। नगरपालिका विभाग अक्सर एक-दूसरे से कटकर काम करते हैं। सड़क निर्माण एजेंसियां बिना जल और सीवरेज विभागों से समन्वय किए खुदाई कर देती हैं। भूमिगत उपयोगिताओं के सटीक और साझा नक्शों के अभाव में भारी मशीनें पेयजल पाइपों को तोड़ देती हैं और सीवर लाइनों को क्षतिग्रस्त कर देती हैं। इससे सीवर का गंदा पानी जल पाइपों में चला जाता है और समस्या तब सामने आती है, जब तक जनहानि हो चुकी होती है। यह समन्वयहीनता शहरी



भारत ने अपने पर्यावरणीय संकटों को मापना सीख लिया है। वायु प्रदूषण को एयर क्वालिटी इंडेक्स के जरिये रोजाना आंका जाता है। हीटवेव और बाढ़ सार्वजनिक विमर्श पर हावी रहते हैं, लेकिन जब पीने का पानी जानलेवा बन जाता है, तब प्रतिक्रिया खतरनाक रूप से देर से, सीमित और अल्पकालिक होती है। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल से हुई हालिया मौतें कोई अपवाद नहीं हैं, बल्कि एक गहरी प्रशासनिक विफलता का लक्षण हैं।

इंदौर की घटना देश के अलग-अलग हिस्सों में घट चुकी समान त्रासदियों की कड़ी है। गुजरात के महिसागर जिले में हाल में पीलिया का प्रकोप बोरवेल और नगरपालिका जलस्रोतों के दूषित होने से जुड़ा पाया गया। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में प्रदूषित नल जल पीने से लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। ओडिशा के संबलपुर में 2014 के हेपेटाइटिस प्रकोप में लगभग 3,900 से अधिक लोग संक्रमित हुए और लगभग 36 लोगों की मौत हुई थी।

भारत में असुरक्षित पेयजल कोई स्थानीय चूक नहीं, बल्कि बार-बार उभरने वाला संकट है। इस संकट का पैमाना भयावह है। 2005 से 2022 के बीच भारत में तीव्र दस्त, टाइफाइड, वायरल हेपेटाइटिस और हैजा जैसी प्रमुख जलजनित बीमारियों के 20.98 करोड़ से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें 50,000 से अधिक मौतें हुईं। इसके अलावा नीति आयोग के कंपोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स के अनुसार हर साल लगभग दो लाख लोग सुरक्षित पेयजल की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण अपनी जान गंवाते हैं।

इसके बावजूद जल गुणवत्ता कभी भी उतनी राजनीतिक प्राथमिकता नहीं बन पाती, जितनी अन्य पर्यावरणीय संकेतक बनते हैं। वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में 120वें स्थान पर है। अनुमान है कि देश के लगभग 70 प्रतिशत जलस्रोत दूषित हैं। दूषित पानी से होने वाली बीमारियां काम के दिनों की हानि, बढ़ते चिकित्सा खर्च और श्रम उत्पादकता में गिरावट का दुष्चक्र पैदा करती हैं। जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्रालय के अनुसार, इससे 3.77 करोड़ लोग प्रभावित होते हैं और हर साल करीब 7.3 करोड़ कार्यदिवसों का नुकसान होता है।

इन प्रकोपों की जड़ अक्सर जलस्रोत नहीं, बल्कि वह यात्रा होती है, जो पानी स्रोत से नल तक तय करता है। कई शहरों में रिपोर्टें बताती हैं कि सीवर का पानी पेयजल पाइपलाइनों में मिल जाता है। यह शहरी शासन की एक जानी-पहचानी विफलता है। नगरपालिका विभाग अक्सर एक-दूसरे से कटकर काम करते हैं। सड़क निर्माण एजेंसियां बिना जल और सीवरेज विभागों से समन्वय किए खुदाई कर देती हैं।

भूमिगत उपयोगिताओं के सटीक और साझा नक्शों के अभाव में भारी मशीनें पेयजल पाइपों को तोड़ देती हैं और सीवर लाइनों को क्षतिग्रस्त कर देती हैं। इससे सीवर का गंदा पानी जल पाइपों में चला जाता है और समस्या तब सामने आती है, जब तक जनहानि हो चुकी होती है। यह समन्वयहीनता शहरी अवसंरचना कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से और गहरी हो जाती है।

कई बार नई पाइपलाइनें बिछा दी जाती हैं, जबकि नीचे मौजूद पुरानी, रिसती और जर्जर नेटवर्क व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। भारत शहरीकरण को तो बढ़ावा दे रहा है, लेकिन इसमें सुरक्षा प्रोटोकाल, निरंतर निगरानी और संस्थागत जवाबदेही को अनदेखा कर दिया है। जल क्षेत्र की सबसे बड़ी कमी स्वतंत्र नियमन का अभाव है। बिजली क्षेत्र में राज्य विद्युत नियामक आयोग बनाए गए, ताकि सेवा प्रदाय और नियमन को अलग किया जा सके और मानकों का प्रवर्तन हो सके। शहरी जल आपूर्ति में ऐसी कोई समान व्यवस्था नहीं है।

नगरपालिका ही पानी देती है, वही जांच करती है और वही तय करती है कि सब ठीक है या नहीं? यानी संभावित प्रदूषक और नियामक अक्सर एक ही इकाई होते हैं। जब कोई स्वतंत्र नियामक नहीं होता तो न तो नियम सख्ती से लागू होते हैं और न ही गलती पर सजा मिलती है। पानी की जांच के नतीजे जनता से छिपे रहते हैं और प्रदूषण को तब माना जाता है, जब लोग बीमार पड़ने या मरने लगते हैं। इसलिए सरकार पहले से रोकथाम करने के बजाय हादसे के बाद ही मरम्मत करती है। यह नियामक कमजोरी एक कानूनी शून्य से भी जुड़ी है। जहां भारत ने खाद्य का अधिकार जैसे वैधानिक अधिकार सुनिश्चित किए हैं, वहीं सुरक्षित पेयजल अब भी एक 'निहित' अधिकार है, जो संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार की न्यायिक व्याख्या से निकला है, न कि स्पष्ट सेवा मानकों वाले किसी प्रवर्तनीय कानून से। दूषित पेयजल संकट से निपटने के लिए हादसे के बाद तात्कालिक उपाय करना पर्याप्त नहीं है। जरूरत ऐसी व्यवस्था की है, जो समस्या पैदा होने से पहले ही उसे रोक सके। इसके लिए जमीन के नीचे की पाइपलाइनों का सही नक्शा होना चाहिए, पानी की आपूर्ति करने वालों और उसकी जांच करने वालों को अलग रखा जाना चाहिए और अमृत 2.0 में नल से साफ और सुरक्षित पानी पहुंचाने पर जोर देना होगा। इंदौर की मौतें कोई चूक नहीं, चेतावनी हैं। भारत ने जिस गंभीरता से हवा की गुणवत्ता मापनी सीखी है, अब उसी गंभीरता से उसे अपने पीने के पानी की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

## सम्पादकीय

### जादू-टोने के शक में जलते घर, बुझती जिंदगियां



प्रगति के कई सोपान पार करने के बावजूद भारत में अंधविश्वास की जड़ें गहरी हैं। इस देश की यह ऐसी स्याह तस्वीर है, जिसकी आमतौर पर अनदेखी की जाती रही है। आए दिन जादू-टोने के अंधविश्वास में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी जाती है। यों देश के सभी हिस्सों से इस तरह की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन पिछले कुछ समय के दौरान बिहार, झारखंड और असम में हुई ऐसी कई घटनाओं ने व्यापक चिंता पैदा की है। गौरतलब है कि असम के कार्बी आंगलोंग जिले में मंगलवार रात हुई घटना ने एक बार फिर सबको झकझोर दिया है। वहां एक गांव के कुछ लोगों ने जादू-टोना किए जाने के संदेह में घर में घुस कर एक दंपति पर पहले धारदार हथियारों से हमला किया, फिर उनके घर में आग लगा दी। इससे पति-पत्नी की जल कर मौत हो गई। ग्रामीण इलाकों में जादू-टोने या डायन होने का आरोप लगा कर अक्सर महिलाओं को सार्वजनिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है और कई बार उन्हें मार भी दिया जाता है। हालांकि शहर भी अंधविश्वासों से मुक्त नहीं हैं। यह एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जो विकास के आधुनिक पैमानों को मुंह चिढ़ाती है, लेकिन इसके निवारण के लिए कभी ईमानदार इच्छाशक्ति नहीं दिखाई गई। हैरानी की बात यह है कि जिस दौर में देश और दुनिया तकनीक के क्षेत्र में चरम विकास के दौर में है, उसमें महज वहम या अंधविश्वास की वजह से कई लोग अपने परिवार के लोगों के बीमार होने पर डाक्टर से इलाज कराने के बजाय उसे किसी जादू-टोने का नतीजा मानते हैं। विकास के तमाम दावों के बीच यह हकीकत है कि देश में वैज्ञानिक चेतना के प्रसार को लेकर सरकारें कभी गंभीर नहीं रहीं। जबकि देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का दायित्व संवैधानिक तौर पर भी दर्ज है। इस जिम्मेदारी का निर्वाह करने के बजाय सरकारें किसी घटना विशेष के संदर्भ में कानून की सीमा में कदम उठाती हैं, लेकिन व्यापक स्तर पर वैज्ञानिक चेतना निर्माण को लेकर कोई ठोस योजना जमीन पर नहीं दिखती।

# विकसित भारत की राह के रोड़े

निःसंदेह जीएसटी में सुधार से आम आदमी को लाभ मिला है, लेकिन अन्य सुधारों का लाभ मिलने में समय लगेगा। मोदी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सुधार करने के साथ नई योजनाएं और कार्यक्रम शुरू करती रही है। इनके जरिये उसने सुशासन स्थापित करने की कोशिश की है ताकि जनता की समस्याओं का समाधान हो और देश तेजी के साथ आगे बढ़े। इसमें संदेह नही कि प्रशासनिक कामकाज में सरकारी नियंत्रण कम होने और विभिन्न क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी से आम जनता को लाभ मिलता है, लेकिन यह भी सच है कि कोई भी देश सरकारी नियंत्रण के बिना नहीं चलता, लेकिन यह नियंत्रण एक सीमा तक ही होना चाहिए। अपने देश में सरकारी नियंत्रण कम करने की बातें तो बहुत होती हैं, लेकिन उनके अनुरूप कुछ ठोस होता हुआ नहीं दिखता और इसीलिए पश्चिमी देश अभी भी यह शिकायत करते हैं कि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नव वर्ष के आगमन के ठीक पहले पिछले वर्ष की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि देश अब रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो गया है। इसके उपरांत उन्होंने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित बहुआयामी मंच 'प्रगति' की बैठक में सड़क, रेलवे, बिजली, जल संसाधन और कोयला सहित विभिन्न क्षेत्रों की पांच महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं की समीक्षा की।

इस बैठक में उन्होंने देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधार, प्रभावी क्रियान्वयन और व्यापक परिवर्तन बेहद जरूरी बताए। प्रधानमंत्री ने 2025 में किए गए जिन महत्वपूर्ण सुधारों का उल्लेख किया था, उनमें जीएसटी में व्यापक बदलाव, बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत विदेशी पूंजी निवेश को अनुमति, ग्रामीण रोजगार कानून मनेरगा में आमूलचूल परिवर्तन और श्रम संहिताओं को लागू करने और परमाणु ऊर्जा से जुड़े सुधारों का उल्लेख किया।

निःसंदेह जीएसटी में सुधार से आम आदमी को लाभ मिला है, लेकिन अन्य सुधारों का लाभ मिलने में समय लगेगा। मोदी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सुधार करने के साथ नई योजनाएं और कार्यक्रम शुरू करती रही है। इनके जरिये उसने सुशासन स्थापित करने की कोशिश की है ताकि जनता की समस्याओं का समाधान हो और देश तेजी के साथ आगे बढ़े।


इसमें संदेह नही कि प्रशासनिक कामकाज में सरकारी नियंत्रण कम होने और विभिन्न क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी से आम जनता को लाभ मिलता है, लेकिन यह भी सच है कि कोई भी देश सरकारी नियंत्रण के बिना नहीं चलता, लेकिन यह नियंत्रण एक सीमा तक ही होना चाहिए। अपने देश में सरकारी नियंत्रण कम करने की बातें तो बहुत होती हैं, लेकिन उनके अनुरूप कुछ ठोस होता हुआ नहीं दिखता और इसीलिए पश्चिमी देश अभी भी यह शिकायत करते हैं कि भारत में सरकारी नियंत्रण अधिक है। वे इस नियंत्रण को सरकारी



हस्तक्षेप के रूप में देखते हैं। इसी तरह विदेशी निवेशक भी कारोबारी सुगमता में तमाम सुधार होने के बाद भी भारत में काम करने में बाधाएं देखते हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियां यह शिकायत करती ही रहती हैं कि भारत में कोई उद्योग-व्यापार स्थापित करना अभी भी कठिन बना हुआ है, क्योंकि कदम-कदम पर सरकारी अनुमति की आवश्यकता पड़ती है। मोदी सरकार की ओर से पिछले 11 सालों में उद्योग-व्यापार स्थापित और उन्हें संचालित करने में सरकारी दखल को कम करने के तमाम कदम उठाए जाने के बाद भी स्थितियां वैसी नहीं बन सकी हैं, जैसी बननी चाहिए। इस मामले में बात केवल केंद्र सरकार की ही नहीं, राज्य सरकारों की भी है। देश के सभी राज्यों का रवैया उद्योग एवं व्यापार के बहुत अनुकूल नहीं कहा जा सकता और इसीलिए विकसित भारत के लक्ष्य में बाधाएं खड़ी हुई दिखती हैं। यह एक तथ्य है कि विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए देश में जैसी कारोबारी सुगमता होनी चाहिए, वैसी नहीं है। कारोबारी सुगमता केवल होनी ही नहीं चाहिए, बल्कि वह दिखनी भी चाहिए- खास तौर पर कारोबारियों को। इसी तरह सरकारी तंत्र को जन समस्याओं के समाधान में तत्पर दिखना चाहिए। अधिकांश मामले में इस तत्परता का अभाव ही दिखता है। निःसंदेह यह आशा की जा रही है कि इस नए वर्ष में भी सुधारों का सिलसिला कायम रहेगा। जनता और उद्योग-व्यापार जगत उन क्षेत्रों में सुधार की खास तौर पर उम्मीद कर रहा है, जहां उनकी गति धीमी है। बतौर उदाहरण शहरी ढांचे को ठीक करने के लिए जैसे कदम उठाए जाने आवश्यक हो गए हैं, उनमें देरी नहीं की जानी चाहिए।

# ट्रंप की दादागीरी

अमेरिकी सेनाएं वेनेजुएला पर हमला करके वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी समेत जिस तरह उठा लाईं, वह राष्ट्रपति ट्रंप की मनमानी की पराकाष्ठा है। ट्रंप ने सैन्य एवं आर्थिक शक्ति के मामले में अमेरिका के मुकाबले कहीं अधिक कमजोर देश में दादागीरी दिखाकर यही साबित किया कि उनका जोर दुर्बल देशों पर ही चलता है। उन्होंने यह आरोप लगाकर वेनेजुएला पर हमला किया कि वहां से अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी हो रही थी और निकोलस मादुरो की दमनकारी नीतियों से इस देश के लोग अवैध तरीके से उनके यहां आ रहे थे। यह एक बहाना ही अधिक है, क्योंकि अमेरिका में न तो नशीले पदार्थ केवल वेनेजुएला से आते हैं और न ही वहां के लोग।



यह भी ध्यान रहे कि ट्रंप ने इसके प्रमाण नहीं दिए कि वेनेजुएला के अपराधियों के गिरोह मादुरो की शह पर अमेरिका के खिलाफ आतंकियों की तरह काम कर रहे थे। इस बारे में मादुरो ने ट्रंप से वार्ता का प्रस्ताव भी रखा था, पर उन्होंने उसकी अनदेखी कर दी। ऐसे में यही लगता है कि ट्रंप इससे चिढ़े हुए थे कि सबसे अधिक तेल भंडार वाले देश का राष्ट्रपति उनके मनमाने रवैये के समक्ष झुकने को तैयार नहीं था। अमेरिका और वेनुजएला के संबंध तबसे बिगड़े, जब वहां वामपंथी रुझान वाले शासक सत्ता में आए और उन्होंने कच्चे तेल और खनिज के स्रोतों का राष्ट्रीयकरण करना शुरू किया। इससे अमेरिकी तेल कंपनियों को वेनेजुएला से बाहर होना पड़ा। ट्रंप मादुरो से इसलिए और भी खार खाए हुए थे, क्योंकि उन्होंने रूस और चीन से संबंध प्रगाढ़ कर लिए थे। चूंकि ट्रंप का रूस और चीन पर जोर नहीं, इसलिए उन्होंने वेनेजुएला को निशाना बना लिया। यह सही है कि निकोलस मादुरो चुनावों में धांधली करके सत्ता में आए और एक तरह से तानाशाही शासन चला रहे थे, लेकिन क्या वे ऐसे इकलौते शासक हैं? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि ट्रंप किस्म-किस्म के तानाशाहों और यहां तक सीरिया में काबिज हुए आतंकी सरगना को भी गले लगा रहे हैं। वे पाकिस्तान के अघोषित तानाशाह आसिम मुनीर की भी पीठ थपथपा रहे हैं और वह भी इसके बावजूद कि वे आतंकी संगठनों को पाल रहे हैं। पाकिस्तान अमेरिका को धोखा तो देता ही रहा है, वह उन देशों में भी प्रमुख है, जहां से बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी होती है।

# कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया जयपुर गारमेंट क्लब एक्सपो का पोस्टर विमोचन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** राजस्थान के गारमेंट व टेक्सटाइल उद्योग को नई दिशा देने वाले जयपुर गारमेंट क्लब की ओर आयोजित होने वाले जयपुर गारमेंट क्लब एक्सपो 2026 के पोस्टर का भव्य विमोचन राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के करकमलों से संपन्न हुआ। यह प्रतिष्ठित एक्सपो 9 व 10 जनवरी 2026 को जयपुर के अंतरराष्ट्रीय स्तर के वेन्यू चंदन वन में आयोजित किया जाएगा। पोस्टर विमोचन अवसर पर कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि जयपुर तेजी से देश के प्रमुख गारमेंट व फैशन हब के रूप में उभर रहा है। इस प्रकार के औद्योगिक व व्यापारिक आयोजनों से स्थानीय उद्योग को मजबूती मिलती है तथा रोजगार के नए




अवसर सृजित होते हैं। सरकार ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। पोस्टर विमोचन के अवसर पर जयपुर गारमेंट क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन, सेक्रेटरी अशोक गुप्ता, उपाध्यक्ष केशव शुक्ला, संरक्षक चंदीराम खत्री, जनरल सेक्रेटरी सिद्धार्थ जैन, कोषाध्यक्ष अमित जिंदल सहित एग्जीक्यूटिव मेंबर शंकर जोशी, धीरज बपलावत, मनीष गर्ग व गब्बर कटारा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स के साथ प्रीमियम कलेक्शन की प्रदर्शनी:

एक्सपो में जयपुर के प्रतिष्ठित वूमेंस गारमेंट निर्माताओं की ओर से कुर्तियाँ, अनारकली सूट्स, रेडीमेड सूट्स, डिजाइनर गाउंस ( वन पीस , टू पीस, थ्री पीस ) सहित महिला परिधानों की व्यापक व प्रीमियम रेंज का आकर्षक प्रदर्शन किया जाएगा। आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए एक्सक्लूसिव डिज़ाइन्स, प्रीमियम फैब्रिक्स एवं उत्कृष्ट एम्ब्रॉयडरी को विशेष रूप से शामिल किया गया है, जिससे होलसेल व्यापारियों को एक ही मंच पर संपूर्ण कलेक्शन देखने और ऑर्डर बुकिंग का अवसर मिलेगा।

### देश - विदेश के चयनित होलसेल व्यापारियों की भागीदारी

जयपुर गारमेंट क्लब की मैनेजिंग कमेटी के अनुसार इस एक्सपो के लिए उत्तर, दक्षिण, पूर्व व पश्चिम भारत से देशभर के चुनिंदा व प्रतिष्ठित होलसेल व्यापारियों सहित दुबई, नेपाल, इंग्लैंड के व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन इंटरनेशनल लेवल पर व्यापारिक नेटवर्किंग का एक सशक्त मंच साबित होगा।

## बालाजी महाराज को हलवा पकौड़ी का लगाया भोग



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के छांन्देल कलां के पास थूणी रामलक्ष्मणपुरा में बालाजी महाराज मंदिर परिसर में रविवार को पौषबड़ा का आयोजन हुआ। वहीं ग्रामीणों ने बालाजी महाराज की झांकी सजाकर पूजा अर्चना कर बालाजी महाराज को हलवा पकौड़ी जिमाया। उसके बाद आसपास के गांव ढाणियों के हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। पौषबड़ा के अवसर पर मंदिर के बाहर देर रात तक चली पंगत प्रसादी में हलवा, पकौड़ी व पूड़ी सब्जी बनाया गया। देर रात तक लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस पौषबडा कार्यक्रम में थूणी रामलक्ष्मणपुरा के लोगों ने बढ़-चढ़कर तन मन धन से सहयोग किया गया।

## पथिक प्रीमियर लीग का शुभारंभ आज

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पथिक क्लब की ओर से पथिक प्रीमियर लीग रात्रिकालीन ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को होगा। विधायक गोपाल खंडेलवाल बतौर मुख्य अतिथि प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार व द्वितीय विजेता को 21 हजार का नकद पारितोषिक प्रदान किया जाएगा। 4 जिलों की टीमें प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

## विवादों में घिरी ओ.पी.जे.एस यूनिवर्सिटी अध्यक्ष को जान का खतरा




जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** स्थित ओ.पी.जे.एस यूनिवर्सिटी एक बार फिर गंभीर विवादों के घेरे में आ गई है। फर्जी मार्कशीट प्रकरण में पहले ही एसओजी की ओर से यूनिवर्सिटी से जुड़े कई लोगों को जेल भेजा जा चुका है। इसी बीच यूनिवर्सिटी में नए अध्यक्ष अक्षय कुमार की नियुक्ति के बाद हालात और ज्यादा संवेदनशील हो गए हैं। अध्यक्ष अक्षय का आरोप है कि हरियाणा से जुड़े कुछ लोग लगातार गाड़ियों में सवार होकर यूनिवर्सिटी परिसर व उसके आसपास संदिग्ध रूप से घूमते देखे जा रहे हैं। ये लोग कई बार परिसर के अंदर प्रवेश करने का प्रयास भी कर चुके हैं। आरोप है कि कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यूनिवर्सिटी पर अवैध कब्जा करने की साजिश रची जा रही है, जिससे संबंधित लोगों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वहीं यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष अक्षय कुमार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें कई बार जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि मौजूदा हालात में उनकी कभी भी हत्या हो सकती है। इसी कारण उन्होंने अपनी निजी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। अक्षय कुमार का कहना है कि उन्होंने प्रशासन से बार-बार सुरक्षा की मांग की, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इतने संवेदनशील मामले में प्रशासन अब तक सख्त कदम क्यों नहीं उठा रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन यूनिवर्सिटी की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और अध्यक्ष की जान के खतरे को लेकर क्या ठोस कार्रवाई करता है।

## संत शिरोमणि भीखजन जयंती मनाई



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के आचार्य सेवा समिति की ओर से आचार्य चौक में स्थित मां काली के मंदिर में संत शिरोमणि भीखजन महाराज की पूर्णिमा मनाई गई। समाज के लोगों ने भीकजन की प्रतीमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सेवा समिति कोषाध्यक्ष ने संत शिरोमणि भीखजन महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे संत की ओर से भगवान को प्रसन्न के लिए कैसे कठोर तपस्या की और भगवान श्री लक्ष्मीनाथ जी उन्हें दर्शन दिए थे। भीखजन महाराज हमारे समाज के गौरव है। इनमें शंकर लाल, साबुराम, कालूराम, महेंद्र, मुकेश, प्रकाश, वासुदेव, सुरेश, बजरंग, घनश्याम, गणेश सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।

## परसरामपुरा में गौ सेवा उपचार केन्द्र की रखी नींव

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** परसरामपुरा ग्राम में एक जाटी बालाजी के पास परसरामपुरा नदी में रविवार को गौ सेवा उपचार केन्द्र की नींव रखी। गौरक्षक उदय सिंह भोपतपुरा ने बताया पिछले 2 वर्ष से हमारी टीम की ओर से गौमाता के उपचार के लिए हम प्रतिदिन कार्य करते हैं। उपचार के पश्चात गौमाता को वापस वहीं छोड़ दिया था लेकिन अब ग्रामवासियों ने एकसाथ मिलकर इस गौ उपचार केन्द्र को बनाने की सहमति प्रदान की। और सभी ग्रामवासियों के एक मत होने के कारण आज हमें गौ उपचार केन्द्र के लिए जगह भी मिल गयी। इसमें गौरक्षक प्रिंस योगी,सुभम नायक, योगेश कुमार, सुनील शर्मा, उत्तम सिंह, सोनू कुमावत, हर्षित योगी आदि गौरक्ष मोजूद रहें।

## बैठक हुई, फैसले लिखे गए. कार्रवाई गायब, फुलेरा में अतिक्रमण बरकरार

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से 17 दिसंबर को नगरपालिका परिसर में आयोजित पालिका, पुलिस प्रशासन और व्यापार महासंघ की संयुक्त बैठक अब केवल कागजी कवायद बनकर रह गई है। बैठक में अतिक्रमण हटाने, नॉन-वेंडिंग जोन घोषित करने और यातायात व्यवस्था सुधारने जैसे अहम निर्णय लिए गए थे, लेकिन तीन सप्ताह बीतने के बाद भी जमीनी स्तर पर एक कदम तक नहीं उठाया गया। शहर के गणगौरी बाजार सहित प्रमुख मार्गों की स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। करीब 80 फीट चौड़ा सड़क मार्ग अतिक्रमण के चलते सिमटकर महज 10 फीट का रह गया है। नतीजा यह है कि दिनभर जाम, अफरा-तफरी और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। आमजन परेशान है, लेकिन जिम्मेदार महकमे खामोश तमाशबीन बने हुए हैं। बैठक में जब सभी पक्षों ने सहमति जताई थी, तो फिर सवाल उठता है कि कार्रवाई आखिर रुकी क्यों? क्या किसी का दबाव है? या फिर अतिक्रमणकारियों को किसी का संरक्षण प्राप्त है? शहरवासियों का कहना है कि अगर यही अतिक्रमण किसी आम दुकानदार या गरीब व्यक्ति ने किया होता, तो अब तक बुलडोजर चल चुका होता। लेकिन यहां प्रशासनिक इच्छाशक्ति की कमी साफ नजर आ रही है। इससे न केवल नगरपालिका की कार्यप्रणाली, बल्कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी गंभीर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। लोगों ने मांग की है कि अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए, बैठक में लिए गए निर्णयों को जमीन पर उतारा जाए, और जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की स्पष्ट जवाबदेही तय की जाए। फिलहाल हालात यह हैं कि फुलेरा में सड़कें सिकुड़ रही हैं, परेशानियां बढ़ रही हैं और प्रशासन की बैठकों की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में आ गई है।

## मदरामपुरा में शिविर में 112 यूनिट रक्त संग्रहित

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** सांगानेर पंचायत समिति क्षेत्र के मदरामपुरा स्थित मालियों की ढाणी में रविवार को एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 112 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे विभिन्न अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा। यह शिविर श्याम हेल्थ केयर सेंटर के हिम्मत गोठवाल, दिलखुश बैरवा तथा न्यू जागृति सामाजिक सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। शिविर के दौरान समाजसेवी डॉ. संजय बड़ोदिया ने 17वीं बार रक्तदान कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। उनके प्रेरक उद्बोधन से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और बुजुर्गों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में चिकित्सकीय टीम की ओर से सभी रक्तदाताओं की पूर्व जांच की गई तथा पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित तरीके से संपन्न किया गया। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ ने रक्तदाताओं का विशेष ध्यान रखा, जिससे सभी दानदाता स्वयं को सुरक्षित और संतुष्ट महसूस कर सकें। इस अवसर पर डॉ. देवनारायण गुर्जर, दिनेश गोठवाल, तेजपाल साहू, रामजीलाल और राजेंद्र बैरवा सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व नागरिक अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि ऐसे शिविर समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं और समय पर रक्त उपलब्ध होने से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। शिविर में उमड़ा जनसैलाब यह दर्शाता है कि क्षेत्रवासी मानव सेवा और सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग और प्रतिबद्ध हैं। रक्तदान शिविर न केवल जरूरतमंदों के लिए संजीवनी सिद्ध हुआ, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सेवा भावना का भी सशक्त संदेश देने में सफल रहा।

### सुमेरपुर पालिका का काला सच

## सुमेरपुर में अजीबोगरीब: पहले मकान, बाद में मंजूरी

### कानून को ठेंगा दिखाकर खड़े हो गए 14 दो-मंजिला भवन

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** नगर पालिका सुमेरपुर में नियम, कानून और प्रशासनिक जिम्मेदारी की खुली धज्जियां उड़ाने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। वार्ड संख्या 18 स्थित साईं कॉलोनी में बिना किसी निर्माण स्वीकृति के 14 आवासीय व व्यावसायिक दो-मंजिला भवन खड़े कर दिए गए, और हैरानी की बात यह है कि यह सब दो वर्षों तक खुलेआम होता रहा, लेकिन पालिका प्रशासन 'अनजान' बना रहा। यह मामला न सिर्फ नगर निकाय की घोर लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि पूर्व अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और भू-माफियाओं की संभावित मिलीभगत की ओर भी साफ इशारा करता है।

### कानून उल्टा चल रहा है सुमेरपुर में:

नियम साफ कहते हैं पहले स्वीकृति, फिर निर्माण लेकिन सुमेरपुर में व्यवस्था बिल्कुल उलटी चल रही है पहले निर्माण, बाद में एनओसी साईं कॉलोनी, सरदारजी का जांव क्षेत्र में ओटाराम वैष्णव के कारखाने से आगे दक्षिण दिशा में 14 बंगले और कई दुकानें बिना नगर पालिका की अनुमति के लगभग पूर्ण अवस्था में खड़ी कर दी गईं। इनमें डबल मंजिल आवासीय मकान, लेफ्ट-राइट साइड व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स तक शामिल हैं। दो साल तक कैसे सोई रही पालिका? सबसे बड़ा सवाल यही है कि– दो वर्षों तक निर्माण चलता रहा सामग्री आई, मजदूर लगे, छतें डलीं। व्यावसायिक ढांचे खड़े हो गए और नगर



पालिका को भनक तक नहीं लगी? या फिर यह अनदेखी नहीं, मिलीभगत है? स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यही निर्माण किसी गरीब या सामान्य व्यक्ति ने किया होता, तो पहली ईंट पर ही नोटिस और सीलिंग हो जाती। लेकिन यहां 'बलधारी' बेखौफ होकर निर्माण करता रहा। मामला उजागर हुआ तो हड़कंप, सूत्रों के अनुसार, मामला जब उच्च स्तर पर पहुंचा तो पालिका प्रशासन में हड़कंप मच गया। इसके बाद 5 दिन पहले आनन-फानन में एनओसी के लिए आवेदन करवाए गए. 01 जनवरी 2026 को भवन निर्माण पत्रावलियां लगाई गईं। यह सवाल उठकर सामने आ रहा है कि क्या अवैध निर्माण को वैध बनाने की तैयारी हो रही है? सूत्र बताते हैं कि जैसे ही मामला अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित के संज्ञान में आया, तत्काल कार्रवाई की बात सामने आई। लेकिन सवाल यह है– क्या कार्रवाई वास्तविक होगी या औपचारिक? क्या अवैध निर्माण ध्वस्त होंगे या फाइलों में दब जाएंगे?

## चाकसू पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 12 घंटे में नकबजनी का पर्दाफाश

### तीसरी आंख बनी मददगार, निर्माणाधीन मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात को महज 12 घंटे में सुलझाकर अपराधियों में खलबली मचा दी है। जयपुर दक्षिण जिले के थाना चाकसू क्षेत्र में 3 जनवरी 2026 को हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने रिकॉर्ड समय में खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 3 जनवरी को परिवादी राजेश कुमार जैन के निर्माणाधीन मकान से चोरों ने बिजली फिटिंग का सामान व पाइप बैंड चोरी कर लिए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए ललित किशोर शर्मा के सुपरविजन तथा भवानी सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी मनोहर लाल के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।




को गिरफ्तार किया गया। इस त्वरित कार्रवाई में हेड कांस्टेबल मुकेश तथा कांस्टेबल बाबूलाल, जगदीश और संदीप की भूमिका सराहनीय रही। विशेष रूप से कांस्टेबल जगदीश और कांस्टेबल बाबूलाल की सक्रियता से आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला राज:

पुलिस टीम ने घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर महज 12 घंटे में वारदात का पर्दाफाश कर दिया। कार्रवाई के दौरान चतरू सैनी पुत्र रामफूल (22 वर्ष), निवासी नया शहर धोलाई की ढाणी

### अपराधियों में पुलिस का खौफ:

चाकसू पुलिस की इस तेज़ कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में डर का माहौल है, वहीं आमजन ने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध पर सख्त नजर रखी जा रही है और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मिट्टी ढहने से दबा मजदूर, दर्दनाक मौत

जयपुर टाइम्स



**सांभरलेक(निसं.)** ग्राम त्योदा में रविवार को एक हृदयविदारक हादसे में 70 वर्षीय वृद्ध मजदूर की मिट्टी में दबने से मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब गांव में मानी (पानी संग्रहण टैंक) बनाने के लिए गड्ढा खोदा जा रहा था। अचानक गड्ढे की मिट्टी ढसक गई, जिससे वहां कार्यरत मजदूर उसके नीचे दब गया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान चौथूराम पुत्र गोपी राम बलाई (उम्र करीब 70 वर्ष), निवासी ग्राम त्योदा के रूप में हुई है। चौथूराम बलाई मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पानी के टैंक निर्माण कार्य के दौरान वह गड्ढे के भीतर काम कर रहा था, तभी अचानक ऊपर की मिट्टी भरभराकर उसके ऊपर गिर गई। कुछ ही पलों में वह पूरी तरह मिट्टी में दब गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। तत्काल बचाव कार्य शुरू किया गया, लेकिन मिट्टी की मात्रा अधिक होने के कारण मजदूर को निकालना आसान नहीं था। , जिस कारण जेसीबी मशीन मंगवाई गई। जेसीबी की सहायता से सावधानीपूर्वक मिट्टी हटाकर वृद्ध मजदूर को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में मजदूर को तुरंत सांभर उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मृतक के परिजन और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक का माहौल छा गया। सूचना पर सांभर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सोमवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। बताया जा रहा है कि गड्ढा अपेक्षाकृत गहरा था और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे, जिसके चलते यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने इस तरह के निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा उपायों की अनदेखी पर चिंता जताई है। लोगों का कहना है कि यदि पहले से ही उचित सावधानियां बरती जातीं, तो शायद इस दुखद हादसे को टाला जा सकता था। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्यों में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। वृद्ध मजदूर की असमय मौत से उसका परिवार बेसहारा हो गया है। गांव के लोग प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

## सेवानिवृति पर हवलदार का हजारों लोगों ने किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**गुढ़ा/चवरा(निस)।** किशोरपुरा में हवलदार राजेंद्र खटाना पुत्र गीगाराम खटाना के भारतीय सेना मे राजपूत रेजीमेंट में 24 साल की लंबी सेवा करने के बाद में सेवानिवृत्ति के दिन सर्व समाज के लोगों ने गुढ़ा गोरजी से डीजे के साथ स्वागत सम्मान करते हुए हवलदार राजेंद्र खटाना का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। शेर सिंह खटाना ने बताया कि हवलदार राजेंद्र खटाना ने ग्राउंड में बड़ी मेहनत करवा कर गांव के 18 युवाओं को भारतीय सेना मे भर्ती करवाने का काम किया। जब भी छुट्टी आते थे, अपना पूरा समय गांव के युवाओं के लिए खर्च करते थे। उन्होंने अभी रिटायरमेंट होने के बाद में बताया कि गांव के ग्राउंड में अब गांव के युवाओं को निशुल्क फिजिकल सिलेक्शन होने की तैयारी करवाएंगे। हवलदार राजेंद्र खटाना ने पाकिस्तान सीमा में घुसकर के दो आतंकवादियों को ढेर करने का काम किया था। इस उपलब्धि पर उन्हें सेना के उच्च अधिकारियों से सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी जेपी खटाना रहे। इस मौके पर बनवारी लाल खटाना, युवा नेता राजेश खटाना, भाजपा नेता सुमेर लोहमोड, देव महाराज के गुरु किशन लाल खटाना, शीशराम खटाना कोच, कोच बजरंग पहलवान पोख, विकास गुर्जर, रामजीलाल खटाना, देवसेना के गुढ़ा गोरजी अध्यक्ष सुमेर धाबाई सहित महिलाएं मौजूद रहीं। सभी लोगों ने डीजे की धुन पर नाचते हुए झूमते हुए गाते हुए हवलदार के घर पहुंचे। हवलदार ने सभी लोगों के लिए घर पर भोज का कार्यक्रम रखा। देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि हकीकत अगर स्वागत सम्मान अगर करना हो तो फौजी भाइयों का करना चाहिए जो माइंस 45 डिग्री टेंपरेचर पर रहकर के हर भारतीय नागरिक की हिफाजत करते हैं

## पशुपालन मंत्री को ज्ञापन सौपा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राज्य के पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के रविवार को झुंझुनूं आगमन पर कुमास व शेखसर के किसान पशुपालकों की मांग को लेकर पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास की अगुवाई में ग्रामीणों ने पशु चिकित्सालय शेखसर को प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। इस दौरान श्रीचंद कुमासिया, प्रमोद कुमावत, ओमप्रकाश, बीरबल सिंह, पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन पुलिया बनी सीकर में जाम का बड़ा कारण



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** सीकर शहर में इन दिनों यातायात जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। इसका प्रमुख कारण शहर के मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया बताई जा रही है। पुलिया निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा होने के कारण सड़क संकरी हो गई है, जिससे रोजाना घंटों तक वाहनों की कतारें लग रही हैं। सुबह और शाम के समय हालात और भी खराब हो जाते हैं। स्कूल बसें, एंबुलेंस, दोपहिया और चारपहिया वाहन जाम में फंसकर रह जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजमर्रा के कामों के लिए निकलना मुश्किल हो गया है और व्यापार पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है। जनता का आरोप है कि निर्माण कार्य की गति बेहद धीमी है और न ही यातायात के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। कई बार प्रशासन को शिकायतें दी गईं, लेकिन ठोस समाधान अब तक नजर नहीं आया। वहीं संबंधित विभाग का कहना है कि पुलिया का निर्माण कार्य प्रगति पर है और जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि सवाल यही है कि 'जनता को जाम से राहत कब तक मिलेगी?' अब देखना होगा कि प्रशासन निर्माण कार्य में तेजी लाकर और यातायात व्यवस्था सुधारकर शहरवासियों को कब राहत दिला पाता है।

## कन्या महाविद्यालय में स्मार्ट एलईडी भेंट




जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में भामाशाह कमला बुडानिया ने अपने पति मदन सिंह बुडानिया की 10वीं पुण्यतिथि पर छात्राओं के उपयोग के लिए महाविद्यालय को एक लाख दस हजार रूपये लागत की 75 इंच की स्मार्ट एलईडी भेंट की। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य व गाँव के सदस्यों ने महाविद्यालय में स्मृति सभा का आयोजन किया व मदन सिंह बुडानिया को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सभी संकाय सदस्यों के अतिरिक्त भामाशाह कमला बुडानिया की सुपुत्री अधिशाषी अधिकारी प्रियंका बुडानिया, सुमन बुडानिया एवं सुपुत्र राकेश कुमार व मुकेश कुमार, साइन का आचार्य अविनाश मील, सुभाष चंद्र उपस्थित रहें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनीता बेनीवाल ने भामाशाह कमला बुडानिया व उनके परिजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वार्षिकोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** खालासी मार्ग स्थित श्री राम मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव की तैयारी को लेकर रविवार को मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई जिसमें कार्यक्रम के विभिन्न मुद्दों पर श्री राम सेवा समिति मंडावा के सदस्यों की ओर से आपसी विचार विमर्श कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई। बैठक में में समिति के सदस्य गणेश सैनी, संजीव वर्मा, मनोज भार्गव, गोपाल मारोठिया, संदीप छापोला, मुकेश छापोला, योगेश सैनी, गोविंद सोनी,विजेंद्र सैनी, भामाशाह गोपाल केडिया, नरोत्तम कुमावत और दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती पर सामाजिक चेतना का महाकुंभ

# झुंझुनूं में मैराथन, 183 यूनिट रक्तदान और विचार संगोष्ठी से दिया नारी शिक्षा व समरसता का संदेश

जयपुर टाइम्स



**बगड़/झुंझुनूं(निस)।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती के अवसर पर माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले सामुदायिक भवन, अशोकनगर में भव्य एवं रचनात्मक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने की। मंचस्थ अतिथियों में ओबीसी आयोग सदस्य पवन मावंडिया, संस्था संरक्षक मुरारी सैनी, खेतड़ी ब्लॉक अध्यक्ष देवाराम सैनी, सिंघाना ब्लॉक अध्यक्ष डीपी सैनी, संरक्षक राधेश्याम सैनी (नवलगढ़), रामलाल सैनी (बागोरा), जेपी सैनी (ब्लॉक अध्यक्ष, उदयपुरवाटी), रमेश सैनी (सरपंच, नानूवाली बावड़ी), देवकरण सैनी (ब्लॉक अध्यक्ष, चिड़ावा), दलीप सैनी (महामंत्री), भामाशाह सुरेन्द्र सैनी, पिलानी ब्लॉक संयोजक लीलाधर विशनोलिया, पूर्व चेयरमैन सत्यवीर बरवड, सेठ महावीर सैनी एवं पंचायत समिति सदस्य नौरंग लाल बबाई शामिल रहे। संस्था पदाधिकारियों—महामंत्री रतनलाल सैनी, उपाध्यक्ष बाबूलाल सैनी, काशीराम सैनी, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, विधि सलाहकार एडवोकेट होशियार सिंह, मीडिया प्रभारी नरेश बगड़ व नरेश सैनी, प्रो. हितेश सैनी, वरिष्ठ अध्यापक दलीप सैनी, विक्रम रतनशहर, सरपंच प्रतिनिधि अशोक सैनी, सरपंच संजय सैनी (लाम्बा गोठड़ा), प्रधानाचार्य ओमप्रकाश सैनी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बिहारीलाल सैनी, सब इंस्पेक्टर सुनील सैनी, नवनीत सैनी, संगठन मंत्री अशोक सैनी व घनश्याम सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया। विचार संगोष्ठी में उठा भारत रत्न की मांग जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने अतिथियों का परिचय देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि 19वीं सदी में सावित्रीबाई फुले द्वारा किया गया नारी शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय का संघर्ष आज भी उतना ही प्रासंगिक है। मंच से सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की जोरदार मांग उठी, जिस पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों से समर्थन जताया। प्रातः मैराथन, युवाओं व महिलाओं की शानदार भागीदारी इससे पूर्व प्रातःकाल आयोजित मैराथन दौड़ को जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री, संरक्षक मुरारी सैनी, बनवारीलाल सैनी, रक्तदान शिविर प्रभारी हितेश सैनी, वरिष्ठ अध्यापक दलीप सैनी एवं मैराथन प्रभारी विक्रम रतनशहर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अंडर-30 वर्गः कुलदीप सैनी (विजयपुरा) प्रथम, ओम सिंह द्वितीय, पंकज गजराज तृतीय। 50 वर्ष से अधिकः राजेन्द्र सैनी प्रथम, जयसिंह सैनी द्वितीय, मुकेन्द्र सैनी तृतीय। महिला दौड़ः पायल सैनी (खुडाना) प्रथम, हंसा सैनी द्वितीय, कविता तृतीय। एक से पांचवें स्थान तक रहे धावकों को मेडल, सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। 183 यूनिट रक्तदान, मानवता की मिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत मेट्रो अस्पताल, झुंझुनूं तथा सवाई मानसिंह अस्पताल की चिकित्सकीय टीमों के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें 183 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मातृशक्ति की उल्लेखनीय भागीदारी रही। मनीषा सैनी (मेघसागर) ने पांचवीं तथा वेदप्रकाश सैनी ने 45वीं बार रक्तदान कर प्रेरणा दी। शिविर में रेंजर अमित सैनी, सीबीआई इंस्पेक्टर अभिषेक सैनी, अमित (विजयपुरा), सचिन (डूंडलोद), सुमेर सैनी (बड़ागांव), रत्तिराम सैनी (बबाई), प्यारेलाल सैनी (खुडाना), महेन्द्र सैनी (बड़ागांव), होशियार सिंह (मेघसागर), आमीर माखर, लतीफ (बगड़), छोटेलाल (नवलगढ़), गोकुल सैनी, गिरधारी सैनी, संगठन मंत्री बाघसिंह तोमर एवं बॉक्सर राकेश सैनी का विशेष योगदान ।

## केंद्रीय मंत्री यादव ने अलवर लोकसभा क्षेत्र के रिवाली गांव में शहीद लांस नायक नीतीश कुमार यादव की प्रतिमा का किया अनावरण



जयपुर टाइम्स

**बहरोड(निस)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर लोकसभा क्षेत्र के रिवाली गांव में बलिदानी लांस नायक नीतीश कुमार यादव की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण कर उनके परिजनों को सम्मानित किया। लांस नायक नीतीश कुमार जम्मू-कश्मीर के बांदीपुर क्षेत्र में ऑपरेशन रक्षक के दौरान ड्यूटी पर रहते हुए शहीद हुए थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि हम सभी अपना-अपना जीवन अपने लिए जीते हैं, लेकिन जो देश की रक्षा के लिए निस्वार्थ भाव से अपने प्राणों का बलिदान देते हैं, ऐसे वीर सपूत राष्ट्र के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहते हैं। शहीद नीतीश कुमार का बलिदान गांव, प्रदेश और देश को गौरवान्वित करने वाला है। उन्होंने कहा कि शहीद की यह प्रतिमा अनुशासन और कर्तव्यपरायणता की प्रेरणा देती है। देश की सेवा में दिया गया यह सर्वोच्च बलिदान माताओं-बहनों को सुरक्षित और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदान करने का आधार बनता है। यादव ने बताया कि शहीद लांस नायक नीतीश कुमार के नाम पर स्कूल के नामकरण तथा शैक्षणिक सुविधाओं के विकास की दिशा में आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। साथ ही पुराने स्कूल भवन के स्थान पर एक आदर्श लाइब्रेरी विकसित की जाएगी, जिसका नाम भी शहीद के नाम पर रखा जाएगा, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थी इससे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि आने वाला समय डिजिटल युग का है। इसी दृष्टि से अलवर लोकसभा क्षेत्र में सरकारी स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। युवाओं से उन्होंने अपील की कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों से भी जुड़ें, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके। यादव ने कहा कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से Sansad Khel Utsav का नियमित आयोजन किया जाता है तथा क्षेत्र में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए नए खेल मैदानों का निर्माण भी किया जा रहा है। शाजापुर क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड से हॉकी मैदान के निर्माण का प्रस्ताव भी किया गया है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इससे पूर्व माजरी खुर्द गांव में पर्यावरण प्रेमी 'ट्री मैन' स्वर्गीय होशियार सिंह के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ मोहित यादव, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, भाजपा जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, नगर निगम अध्यक्ष सीताराम चौधरी, पूर्व प्रधान नीमराना रोहिदास यादव सहित शहीद के परिजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दिल्ली विश्विद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष का सीकर में स्वागत

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** सीकर में दिल्ली विश्विद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष आर्यन मान का शनिवार को सीकर पधारने पर स्वागत किया। शेखावाटी विश्विद्यालय एबीवीपी के छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी रहे तेजकरण कुलहरि के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओ और शेखावाटी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। मान ने कहा कि दिल्ली विश्विद्यालय छात्रसंघ चुनावों में शेखावाटी की अहम भूमिका रहती हैं और यहां से बहुत विद्यार्थी विश्विद्यालयो महाविद्यालयों में अध्यनरत हैं।और छात्रसंघ के चुनाव भी लड़ते हैं इसके बाद खाटूश्यामजी के दर्शन कर आर्यन मान दिल्ली के लिए रवाना हुए । अन्य सामाजिक संगठनों ने जगह जगह स्वागत किया। इस दौरान रमेश चौधरी, तेजकरण कुलहरि, रमेश भींचर , अजय जाखड़, सुशील कुलहरि, नीतीश कुमार सुनील , कमल, आशीष सूंडा, विराट, मिलन भारतीय, भूपेंद्र राठौड़ उपस्थित रहे।

## करणी कृपा स्कूल के बाल मेले में उमड़ा जनसैलाब

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** फतेहपुर बाईपास रोड स्थित करणी कृपा स्कूल के प्रांगण में रविवार को एक नया इतिहास रचा गया। मंडावा में पहली बार स्कूली विद्यार्थियों द्वारा इतने भव्य स्तर पर 'बाल मेले' का आयोजन किया गया, जिसने शहरवासियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तीन दिवसीय 'एनुअल स्पोर्ट्स मीट एवं बाल मेले' के समापन समारोह में जहाँ बच्चों ने मैदान पर दमखम दिखाया, वहीं बाल मेले में अपनी उद्यमिता का लोहा भी मनवाया। बाल मेले में नन्हें विद्यार्थियों ने कुशल उद्यमियों की तरह अपनी स्टॉल्स संभालीं। चाउमीन, आलू टिकिया, पानी पूरी से लेकर विशेष पनीर चिला तक, हर स्टॉल पर स्वाद का जादू बिखरा हुआ था। अभिभावकों ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए 'छप्पन भोग' का स्वाद चखा और उनके पाक कला कौशल की जमकर सराहना की। मेले का विशेष आकर्षण केमल सफारी और हॉर्स राइडिंग रही, जिसने स्कूली उत्सव को एक साहसिक मेले का स्वरूप दे दिया। अपने संबोधन में संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर दिशांत ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर व्यावहारिक प्रबंधन और टीम वर्क सिखाना था। उन्होंने कहा, 'आज हमारे विद्यार्थियों ने रसोई के हुनर से लेकर बाजार प्रबंधन तक अपनी बहुमुखी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।' इस अवसर पर लॉटरी टिकट की बिक्री भी की गई। लॉटरी में आईपैड, साइकिल सहित काफी आकर्षक इनाम रखे गए है। समारोह के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नरेश सोनी एवं अध्यक्षता पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सज्जन मिश्रा ने की। अतिथियों ने एनुअल स्पोर्ट्स मीट के विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफियां प्रदान कर सम्मानित किया। खेलों के कड़े मुकाबलों में टैगोर हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 810 अंकों के साथ 'ओवरऑल चैंपियन' का ताज अपने सिर सजाया। वहीं, बोस हाउस 780 अंकों के साथ 'रनर-अप' ट्रॉफी पर कब्जा जमाने में सफल रहा। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि मैदान पर हार-जीत से बड़ा खिलाड़ियों का वह जज्बा है, जो उन्हें अनुशासित बनाता है। अंत में संस्था निदेशक गणेश सिंह शेखावत व एकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर दिशांत ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

## केंद्रीय वन मंत्री यादव ने भिवाड़ी में की जनसुनवाई, 215 परिवादों पर दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

### अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



**खैरथल-तिजारा(निस)।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को रीको कार्यालय यूनिट द्वितीय, भिवाड़ी स्थित कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलेभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी परिवादियों को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी परिवेदनाओं पर चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 215 परिवादियों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं, जिनके साथ बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय वन मंत्री यादव ने उपस्थित लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के चहुंमुखी विकास के उद्देश्य से जनसुनवाई एक प्रभावी माध्यम है, जिसके जरिए आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में फरियादी किसी भी समय अपनी परिवेदनाएं दे सकते हैं और उन पर सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण से कार्रवाई की जाती है। जनसुनवाई के दौरान सड़क, बिजली, पेयजल, स्थानांतरण तथा पुलिस से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं, जिन पर मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परिवादों का समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। जनसुनवाई के दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, पूर्व विधायक मामन सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा अतुल प्रकाश, पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी प्रशांत किरण सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# पंचायतों के पुनर्गठन-नवसृजन के बाद गांवों में गरमाई राजनीति, बिछने लगी चुनावी चौसर

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** पंचायतों के पुनर्गठन व नवसृजन के बाद गांवों में राजनीति की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हाल ही में जिला कलक्टर ने जिला परिषद व पंचायत समितियों के एकल सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन का प्रारूप भी प्रकाशित कर दिया है। इसके बाद पंचायतराज चुनाव की हलचल और बढ़ गई है। गांवों में चुनावी बिसात बिछने लगी है। वार्ड बढ़ने से ग्रामीण राजनीति में नेताओं के आगे आने के अवसर भी बढ़ गए हैं।वार्ड गठन के हिसाब से संबंधित ग्राम पंचायतों में स्थानीय नेता सक्रिय हो गए हैं। वार्डों के पुनर्गठन का प्रकाशित प्रारूप संबंधित उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध है। इस प्रारूप के संबंध में कोई भी मतदाता अपनी लिखित आपत्ति 5 जनवरी तक संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार अथवा जिला कलक्टर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के बाद वार्डों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

**आरक्षण लॉटरी पर टिकी नजरें:**
हालांकि अभी निर्वाचन विभाग की ओर से पंचायत चुनावों की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है और ना ही आरक्षण के आधार पर सीटों का निर्धारण किया गया है, इसके बावजूद संभावित उम्मीदवारों ने तैयारियां शुरू कर दी है। अधिकतर निर्वाचन क्षेत्रों में दावेदारों की नजरें आरक्षण लॉटरी पर टिकी हुई हैं। गांव-गांव में चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों की सक्रियता दिखाई देने लगी है। लॉटरी में वार्ड आरक्षण तय होने के बाद कुछ नेता जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए अपना निर्वाचन क्षेत्र बदल भी सकते हैं। वहीं लॉटरी में वार्ड दूसरे वर्ग के लिए आरक्षित होने पर कई नेता चुनावी दौड़ से बाहर भी हो सकते हैं। इस बार वार्डों का निर्धारण पूरी तरह जनसंख्या के आधार पर किया गया है। ताकि सभी वर्गों का समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके।

**नववर्ष की बधाई के बहाने ताल ठोक रहे:**
ग्रामीण इलाकों में नववर्ष और मकर संक्रांति की बधाई के होर्डिंग-बैनर व पोस्टरों के माध्यम से पंचायतराज संस्थाओं के चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार आमजन के समक्ष ताल ठोक रहे हैं। ग्रामीणों को रिझाने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिताओं, धार्मिक कार्यक्रमों आदि में नेता पहुंचकर सहयोग राशि दे रहे हैं। युवा नेताओं में भी पहली बार चुनाव लड़ने को लेकर खासी उत्सुकता नजर आ रही है। वरिष्ठ नेताओं के यहां भी टिकट के लिए हाजिरी लगाने लगे हैं।

## पूर्व सरपंच बैरागी की स्मृति में भजन संध्या का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** चांदजी की खेड़ी में बैरागी परिवार की ओर से पूर्व सरपंच मोहनदास बैरागी की स्मृति में एक शाम अमर आत्मा के नाम भजन संध्या आयोजित की गई।पूर्व सरपंच बैरागी का 20 दिसम्बर को स्वर्गवास हो गया था। पुत्र राजेश बैरागी ने बताया कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज, क्षेत्र और परिवार के लिए जिया। भजन संध्या कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक युवराज वैष्णव, मध्यप्रदेश के सुप्रसिद्ध भजन गायक योगेश बैरागी व बबलू वैष्णव समेत बड़ी संख्या में समाज के कई स्थानीय कलाकारों की ओर से भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। मौजूद लोगों ने बैरागी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## एक अंधी प्रेम लीला के चलते एक परिवार ने अपना लाल गंवाया



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** एक अंधी प्रेम लीला के चलते एक परिवार ने अपना लाल खो दिया ।प्रेम जब अंधा होता है तो उसे पाने की चाहत अधिक बढ़ जाती है फिर वह सारे रिश्ते नाते भूल जाता है शायद ऐसा ही हुआ प्रेम प्रसंग मामले में जिसने आत्मा रूपी चोला पहनकर परिवार सहित पुलिस वालों को धोखा देने की कोशिश की लेकिन पुलिस की पारखी और पैनी नजरों ने उसे पहचान लिया जिसका हस्र यह यह हुआ कि आज वह महिला सलाखों के पीछे अपना जीवन व्यतीत करेगी ।ना तो उसे प्रेमी मिला और पति को तो उसने खुद मौत के परवान चढ़ा दिया। हम बात कर रहे हैं सैफऊ कस्बा के दोनारी में सात फेरे लेकर सात जन्मों का बंधन निभाने वाली महिला की जिसने शादी तो रविकांत नाम के एक युवक से रचाई थी और उसके साथ अपनी खुशहाल जिंदगी जी रही थी लेकिन पति के घर से अधिकतर बाहर रहने पर उसका प्रेम एक शाहरुख खान नाम के व्यक्ति पर दिल आ गया जहां से उसकी प्यार की पींगे बढ़ने लगी और अपने पति को दूर कर दिया जिसका हस्र यह हुआ कि उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसे चंबल के बीहड़ों में दफनाने के काम को अंजाम दिया । इस महिला ने अपने को बचाने के लिए आत्मा रूपी चोला भी पहनकर सबको भ्रमित भी किया लेकिन पुलिस की चौकस भरी कार्यशैली ने पूरे राज से पर्दाफाश कर दिया। आज प्रेमी और प्रेमिका दोनों सलाखों के पीछे है तो एक परिवार ने इन दोनों के प्रेम के परवान के कारण अपना जिगर का टुकड़ा खो दिया है।

## धौलपुर में अधेड़ फंदे पर लटका

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के फूटे दरवाजे के पास स्थित कसाई पाड़ा मोहल्ले में शनिवार को 45 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके घर में फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान आशीष पुत्र विश्वनाथ शर्मा (उम्र करीब 45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पेशे से ज्योतिष का कार्य करता था। परिजनों के अनुसार आशीष की पत्नी अपने बेटे के साथ मायके ग्वालियर में रहती है,



जबकि आशीष घर में अकेला रहता था। अकेलेपन के चलते वह मानसिक अवसाद में था। शनिवार शाम मोहल्लेवासियों को आशीष के घर से दुर्गंध आने पर शक हुआ, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घर का दरवाजा खोलकर देखा तो आशीष का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस का अनुमान है कि शव दो-तीन दिन पुराना है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दे दी है। परिजनों के आने के बाद रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सीएमए कोचिंग में आईआईटी रोबोटिक्स का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कैरियर मेकर अकैडमी सीएमए में आईआईटी कानपुर का टेक कीर्ति इवेंट 2026 की पिक एंड प्लेस रोबोटिक की वर्कशॉप का आयोजन 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक हुआ। इसका समापन 30 दिसंबर को हुआ। जिसमें 12 टीमों ने हिस्सा लिया। शोभित पांडे जो कि करियर मेकर अकादमी के फाउंडर और फिजिक्स के टीचर है। उन्होंने इस वर्कशॉप का आयोजन 9 से 12 के स्टूडेंट्स के मेंटल स्किल एंड रोबोटिक स्कोप को ध्यान में रखकर करवाया। शोभित पांडे ने बताया कि इस साल तक कीर्ति इवेंट आईटी कानपुर के द्वारा आयोजित हो रहा है। जिसके लिए हमने बच्चों को ट्रेन किया है। बच्चों से पिक एंड प्लेस रोबोट बनवाए। 12 टीम बनी। जिसमें 60 बच्चे इसमें पार्टिसिपेट कर रहे थे। जो कि ष्टक्रके 9,10,11,12 के स्टूडेंट है। छह टीम विनर रही। यश जैन, हार्दिक अग्रवाल, उज्जवल गुप्ता, आरव मित्तल, आदित्य परमार, सौरभ त्यागी, विनय बंसल, तनवी शर्मा, शिवानी मीणा, यस सिंगल, मोहम्मद फैज, पीयूष कुमार, आर्यन, गोरी मोदी, पृथ्वी पाराशर, ज्योति वशिष्ठ, रिद्धिमा, परी वर्मा, परिधि गोयल, सौम्या गोयल, शिव अग्रवाल, नमन मित्तल, मोहित, दिव्यांश, उमाकांत, सक्षम लवानिया, शौर्य लवानिया, ध्रुव सिंगल, शुभम गुर्जर, अब उनमें से तीन टीम आगे आईटी कानपुर जाएंगे। फाइनल इवेंट में पार्टिसिपेट करने के लिए शोभित पांडे ने इस वर्कशाप के लिए फिर रोबोटिक सॉल्यूशन के ट्रेनर श्रेयांस पांडे को बुलाया और उन्होंने बच्चों को पिक एंड प्लेस रोबोटिक के ट्रेनिंग दें और बच्चों से कंपटीशन करवाया। शोभित पांडे ने बताया कि माह पर साल में 2 से 3 एआई और रोबोटिक की वर्कशॉप होती है। जिससे 11 ट्वेल्थ के साथ-साथ 9 तो 10 की बच्चों को स्केल अपग्रेड करने का मौका मिलता है। ताकि वह आगे जाकर अच्छे-अच्छे एग्जाम को क्रैक कर सकें। अंत में बच्चों को आईटी कानपुर का सर्टिफिकेशन मिला और शोभित पांडे ने पूरी टीम का धन्यवाद दिया।

# मंज़िल शक्ति प्रशिक्षणके दस दिवसीय कार्यक्रम का समापन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले में हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्था की ओर से व संस्था सहयोगी स्थानीय प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 10 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने बताया मंजिल शक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम को हर जिले व राज्यों तक पहुंचाने के लिए हमे सी एस आर फंड की आवश्यकता है जिसके लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है। मंजिल शक्ति प्रशिक्षण का उद्देश्य हुनरमंद शिक्षा के सफर की ओर है। प्रशिक्षण के दौरान लाडो बिटिया ने अपने हुनर का परिचय देते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया। राजकीय विद्यालयों की बच्चियों ने भी अपनी भागीदारी निभाई व अपने हुनर से कार्य सीखा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को ब्यूटी एंड वैलनेस, सिलाई एवं बच्चों की ओर से इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लंबर एवं सिलाई (गृह साज सजा) ट्रेड में व्यावहारिक व तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही प्रशिक्षण के बाद संस्था की ओर से जल्द प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोज़गारोन्मुखी कौशल से सशक्त बनाना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को संबंधित ट्रेड से जुड़ी आधुनिक तकनीकों, उपकरणों के उपयोग एवं कार्यस्थल पर अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। ब्यूटी एंड वैलनेस ट्रेड में सौंदर्य से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी गई। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स व प्लंबर ट्रेड में उपकरणों की मरम्मत, रखरखाव एवं इंस्टॉलेशन की ट्रेनिंग दी गई। सिलाई एवं गृह सजा ट्रेड में डिजाइनिंग, कटिंग एवं सजावटी कार्यों का अभ्यास कराया गया।हुनरमंद शिक्षा के लिए बच्चियों एवं बच्चों को शीतकालीन सत्र मे दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जरूरतमंद एवं राजकीय विद्यालयों मे अध्यनरत बच्चियों एवं बच्चों के लिए हुनर शक्ति फाउंडेशन के द्वारा मंजिल शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम दस दिवसीय हुनरमंद व्यावसायिक शिक्षा मे आत्मनिर्भर बनाने के उद्धेश्य से रोजगार उद्यमिता कौशल प्रशिक्षण का कार्यक्रम महात्मा गाँधी बालिका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनिया महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय विरोधा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कासिमपुर बसेड़ी ब्लॉक से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरेली राजकीय विद्यालय तगावली धौलपुर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बरेठा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसूपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करीमपुर हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्था के द्वारा एवं सहयोगी सेंटर के माध्यम से दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफल किए गए समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें भविष्य में स्वरोज़गार एवं नौकरी के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा व राज्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेश की पालना में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिला यातायात के सहयोग से मनाएं जा रहे माह के अंतर्गत रेल्वे स्टेशन, गुलाब बाग चौराहे पर टेंपो चालकों के बीच समझाइश अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि टेंपो चालकों के बीच संघन समझाइश अभियान चलाया गया है। टेंपो चालकों को पंपलेट वितरित की गई है। पता होना यातायात नियमों की पालना करने के लिए हिदायत दी गई है। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत में चालकों से कहा कि वह सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा जब भी सड़क पर कोई दुर्घटना में घायल आपको दिखाई दे तो तत्काल प्रभाव से उसे नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर मानव धर्म निभाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से आपसे किसी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं की जाएगी और राजस्थान सरकार की ओर से गुड सेमीरेटन के रूप में आपको सम्मानित किया जाएगा। जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि मानव धर्म को ऊपर रखते हुए घायलों को चिकित्सालय पहुंचाएं और सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने टेंपो चालकों से कहा कि क्षमता से अधिक सवारियां वाहन में ना बैठाएं। कोहरे के समय रिफ्लेक्टर का उपयोग करें। वह वाहन की हेड लाइट दुरुस्त रखें, तथा वहां के सभी जरूरी दस्तावेज अपडेट रखें। इस अवसर पर यातायात विभाग की ओर से एएसआई महेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल बीना सिंह, गुंजन, अशोक, देवेंद्र सिंह, राजकुमार व राजवीर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## *महाकाल सेना की आम सभाः शिवरात्रि पर 15 फरवरी को निकलेगी भव्य महाकाल शोभायात्रा*

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर/ राजाखेड़ा(निस)।** महाकाल सेना की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन बनखंडेश्वर मंदिर पर किया गया। जिसमें आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 15 फरवरी को महाकाल शोभा यात्रा पूरे श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ निकाली जाएगी।बैठक के दौरान शोभा यात्रा की रूपरेखा,मार्ग, व्यवस्थाएं एवं जिम्मेदारियों पर विस्तृत मंथन किया गया।संगठन के सदस्यों ने शोभा यात्रा को भव्य और अनुशासित बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे तथा सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर महाकाल सेना के अनेक सक्रिय कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिनमें महाकाल सेना राजाखेड़ा के प्रमुख दीपक परिहार, रवींद्र सिंह चौहान, अंकुश, पुष्पेंद्र शर्मा,रवि परमार, अजय, सीताराम, सज्जन ठाकुर, गौरव शर्मा, सौदान सिंह, जयवीर, अभिषेक, हेमन्त सिंह, राहुल, कन्हैया, संजय,रवि, रामवीर ठाकुर, प्रेम कन्हैया, तरुण शर्मा, अर्पित पंडित, आकाश जादौन, सागर गोस्वामी, रमन शर्मा, श्रेयांश, अमित, राहुल शर्मा, देवेंद्र सिंह, ललित जादौन, नितेश शर्मा, दुर्गेश ठाकुर, विशाल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने महाकाल शोभा यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने का संकल्प लिया तथा शिवभक्ति के साथ समाज में सकारात्मक संदेश देने का आह्वान किया गया।

## 11 सूत्री मांगों व 7 संकल्पों को पूरा कराने को लेकर 12 क़ो कर्मचारियों की जयपुर में चेतावनी महारैली

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से 11 सूत्री मांगों के निस्तारण व 7 संकल्पों पर कार्यवाही को लेकर सोमवार 12 जनवरी को राजधानी जयपुर में चेतावनी महारैली आयोजित की जाएगी।महासंघ से सम्बद्ध घटक संगठनों के जिलाध्यक्ष जिला मंत्री ब शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत समिति में आयोजित की गई। बैठक में रैली में धौलपुर जिले से अधिकाधिक संख्या में कर्मचारियों की भागीदारी हो इसके लिए सभी घटक संगठनों के पदाधिकारियों क़ो अपने अपने विभागों में कार्मिकों से संवाद क़ायम कर रैली के सफल आयोजन एवं सभी विभागों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई ।इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि महासंघ की ओर से सभी विभागों में पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने, विभिन्न कर्मचारी संवर्गों की लंबे समय से चली आ रही वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित प्रत्येक कार्मिक को सेवा काल में पदोन्नति के समान अवसर मिले इसके लिए पदोन्नति पदों की विसंगति दूर करते हुए 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान लागू करने,पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षा सुनिश्चित करने, संविदा एवं मानदेय कार्मिकों का स्थाई करने एवं तृतीय श्रेणी शिक्षकों के लंबे समय से बंद स्थानांतरण शुरू करने के साथ विभिन्न विभागों, निगम, बोर्ड को समाप्त कर किया जा रहे निजीकरण को बंद करवाने तथा कर्मचारियों के मान सम्मान व स्वाभिमान की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे सात संकल्पों के साथ 11 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। लेकिन सरकार की ओर से लगातार कर्मचारी मांगों की अनदेखी व संवादहीनता के विरोध में महासंघ की ओर से प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत राजधानी की सड़कों पर महारैली आयोजित करने का फैसला लिया है। महासंघ के जिला महामंत्री रविंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि चेतावनी महारैली में जिले से नर्सेज, शिक्षक संघ, ग्राम विकास अधिकारी, कृषि , पशुपालन, वनकर्मी, पटवारी,कानूनगो, आयुर्वेद नर्सेज, पैरा टीचर शिक्षा कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर सांख्यिकी जैसे तमाम विभागों के सैकड़ो कर्मचारी जिले से 12 जनवरी को जयपुर की महारैली में शिरकत करेंगे। बैठक में नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष जगदीश मान, कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कौशलेंद्र वशिष्ठ व नीरज कुमार शर्मा,ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष श्रीभान सिंह गुर्जर, जिलामंत्री सुशील भारद्वाज व प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार तोमर, आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन के श्रीराम गोस्वामी,

राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर, वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राधाकृष्ण शर्मा, संतोष पुरी, फिरोज खान, हेमेंद्र सिंह, दीपेश सिंघल, दिनेश शर्मा , आमीन खान, भगवान दास पाराशर, राजेंद्र शर्मा,अनिल मिश्रा, आशीष राजपूत, संतोष शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अपना घर सेवा समिति का 10 वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** बाड़ी में रामनिवास गर्ग (कम्पनी परिवार) की आठवीं पुण्य स्मृति में अपना घर सेवा समिति, बाड़ी की ओर से 10 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर जिला अंधता निवारण समिति, धौलपुर के सहयोग से तथा रतन ज्योति चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट, ग्वालियर के माध्यम से संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन रविवार को प्रातः 9 बजे से सत्यनारायण धर्मशाला, बाड़ी में किया गया। शिविर में कुल 340 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनकी विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से जांच की गई। जांच उपरांत 115 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों के ऑपरेशन वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भसीन की ओर से रतन ज्योति चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट, ग्वालियर में किए गए। आयोजकों ने बताया कि ऑपरेशन वाले मरीजों को लेंस, दवाइयां, चश्मा, भोजन, आवास तथा ग्वालियर ले जाने व लाने की संपूर्ण व्यवस्था पूर्णतः नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। समिति की ओर से मोतियाबिंद से पीड़ित अधिक से अधिक मरीजों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई। इस अवसर पर बाड़ी के प्रमुख उद्योगपति एवं अपना घर सेवा समिति के संरक्षक सुनील गर्ग व राकेश गर्ग (कम्पनी परिवार) का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा, जिनके संरक्षण में यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के सफल आयोजन में अपना घर सेवा समिति पुरुष व महिला पदाधिकारियों व वरिष्ठ सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, सचिव हरिओम सिंघल, महिला अध्यक्ष ऊषा मित्तल, सचिव नीलम मंगल, शिविर संयोजक विष्णुदत्त मेहरे, कांग्रेस सेवादल जिला महासचिव अभिषेक यादव सह-संयोजक रामनिवास अग्रवंशी के साथ-साथ वरिष्ठ पदाधिकारी मनोज मोदी, अमित मंगल, रामसेवक मंगल, अनिल मंगल, पप्पन, राजेश शर्मा, जगन्नाथ कोहली, राजुद्दीन (एडवोकेट), नीरज गौड़, महेश सर्राफ, विजय सिंघल, कपिलश्थ गर्ग, हरिओम सिंघल सहित समिति के सभी सदस्यों ने सेवा भावना से सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शाम के समय कार्यक्रम का समापन प्रमुख आध्यात्मिक गुरु गोविंद मीना के प्रेरणादायी प्रवचनों के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों के लिए सामूहिक भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया। अपना घर सेवा समिति द्वारा आयोजित यह शिविर क्षेत्र में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय एवं अनुकरणीय पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## राकेश श्रीवास्तव बने कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** श्री चित्रगुप्त समिति (कायस्थ समाज) धौलपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को चित्रगुप्त मंदिर भामतीपुरा धौलपुर पर वरिष्ठ समाजसेवी बाबूलाल कुलश्रेष्ठ की आतिथ्य में आयोजित की गई जिसमें राकेश चंद्र श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष चुना गया। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने कहा कि समाज के जिलाध्यक्ष पद के लिए जिले के एक दर्जन से अधिक प्रमुख कायस्थ बन्धुओं के नामों पर समिति की ओर से गठित पाँच सदस्ययीय कमेटी जिसमें बाबूलाल कुलश्रेष्ठ, शिक्षा विद गोविन्द सक्सेना, संजीव श्रीवास्तव, केशव सक्सेना व विजय श्रीवास्तव के मंथन के बाद समाज के आगामी विकास व उत्थान को देखते हुए राकेश चंद्र श्रीवास्तव के नाम पर सभी सदस्यों की सहमति के पश्चात् आगामी दो वर्षो के लिए जिलाध्यक्ष चुना गया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में समाज के लिए वृद्धाश्रम एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन किए जाने के लिए जिला प्रशासन व राजस्थान सरकार को आवेदन किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही समाज का नव वर्ष मिलन समारोह जनवरी माह में किए जाने की रुपरेखा तैयार की गई। राकेश चंद्र श्रीवास्तव के जिलाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा के बाद उपस्थिति सभी कायस्थ बन्धुओं ने माला पहना कर स्वागत कर शुभकामनाए दी। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राकेश चंद्र श्रीवास्तव ने समाज की ओर से दिए गए दायित्व के लिए समाज का आभार व्यक्त करते हुए समाज के सभी व्यक्तियों का सहयोग लेकर उत्थान व विकास के साथ सामुदायिक भवन के भूमि आवंटन की प्रक्रिया के लिए तन मन धन के साथ कार्य करने की बात कही इस अवसर पर पूर्व शिक्षाविद भूपेंद्र सक्सेना, गोविन्द सक्सेना, सुरेश चंद श्रीवास्तव,कायस्थ महासभा के संजीव श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, धर्म प्रकाश सक्सेना, दिनेश श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, विपिन श्रीवास्तव, जयप्रकाश श्रीवास्तव, चीकू कमठान, राधे श्याम सक्सेना, लक्ष्मन माथुर, अनिल श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव डॉ सुभाष श्रीवास्तव, निकेश सक्सेना, दुर्गेश श्रीवास्तव, क्षितिज दलेला, अरविन्द श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, मोहित सक्सेना , अतुल श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, नितिन सक्सेना, पवन श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, पवन सक्सेना, अर्यांश श्रीवास्तव, आकाश श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, अंकित दलेला सहित बड़ी संख्या में कायस्थ बंधु मौजूद रहे।

## इच्छापुरा गांव में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां थाना क्षेत्र के इच्छापुरा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान गुड़िया पत्नी पंकज उम्र 24 साल के रूप में हुई है, जिसकी शादी 28 मई 2025 को हुई थी। गुड़िया तीन माह की प्रेगनेंट भी बताई जा रही है। पीहर पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि शादी के बाद से ही गुड़िया को लगातार दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था। आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती थी, लेकिन सामाजिक दबाव और बेटी का घर बसाने की उम्मीद में वे चुप रहे। शनिवार सुबह गुड़िया की मौत की सूचना मिली, लेकिन ससुराल पक्ष ने बिना सूचना ही अंतिम संस्कार कर रहे थे। सूचना मिलते ही मनियां पुलिस ने अधजले शव को बरामद कर बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया। बोर्ड से कराए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से यह स्पष्ट होगा कि मौत स्वाभाविक थी, आत्महत्या थी या किसी प्रकार की हिंसा का मामला है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मृत्यु से पहले गुड़िया के साथ किसी तरह की मारपीट हुई थी या नहीं दहेज की मांग को लेकर पूर्व में कोई शिकायत, पंचायत या पारिवारिक विवाद हुआ था, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। इसके अलावा बिना सूचना अंतिम संस्कार करने के कारणों की भी जांच की जा रही है। मोबाइल कॉल डिटेल, पड़ोसियों के बयान और ससुराल पक्ष की भूमिका जांच के दायरे में है। घटना की सूचना पर मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे जहां अधजले शव को बाहर निकालकर मेडिकल बोर्ड से शव का मौके पर ही पोस्टमार्टम कराया गया है पीहर पक्ष की ओर से दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर मामले की जांच सीओ मनियां कर रहे है। नीरज शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पीहर पक्ष की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मौके पर चिकित्सक टीम को बुलाया गया और बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने बताया कि मृतका का पीहर आगरा जिले के खैरागढ़ थाना क्षेत्र के घड़ी तुलसी गांव में है। मृतिका गुड़िया के जीजा ओमपाल ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुरालीजनों की ओर से गुड़िया को परेशान किया जा रहा था। घर वालों से बात भी नहीं कराते थे।उन्होंने बताया अगस्त के बाद से गुडिया को पीहर भी नहीं भेजा था। परिजन हुए फरार.... विवाहिता की मौत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को देख परिजन मौके से फरार हो गए। जिसे लेकर पुलिस फिलाल परिजनों की तलाश कर रही है। बता दें कि विवाहिता की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों ने शव का अंतिम सस्कार कर दिया था, लेकिन पीहर पक्ष की ओर से पुलिस को दी गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और अधजले शव को चिता से बाहर निकाला गया।

# ढोलास की बेटी और नरोदडा के बेटे ने रचा इतिहास

## नेशनल स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे भोपाल

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड क्षेत्र के ढोलास गांव की बेटी पायल कंवर पुत्री होशियार सिंह 68 वी नेशनल स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने भोपाल पहुँची।नरोदडा गांव के होनहार अंशुल चौधरी भी दिखाएंगे अपना निशाना। गौरतलब हैं कि 5 तारीख से होने वाले 68 वें नेशनल स्कूल गेम्स में उपखंड क्षेत्र के 2 निशानेबाज भाग ले रहे हैं, यह पहली बार हो रहा है कि शेखावाटी से कोई बेटी इतने बड़े स्तर पर निशानेबाजी जैसे ओलिम्पिक खेल में अपना दमखम दिखाएगी। पायल कंवर निकटवर्ती ढोलास गांव के होशियार सिंह की पुत्री है और पिछले एक साल से लगातार दिन में 8 घंटे शूटिंग के अभ्यास कर रही हैं। पायल के अभ्यास लगन और कम समय मे शानदार प्रदर्शन को देख कर राष्ट्रीय कोच व महाराणा प्रताप अवार्डी निशानेबाज ओमप्रकाश चौधरी का कहना है कि आने वाले समय में पायल कंवर गांव या जिला ही नही बल्कि भारत के लिए मैडल जीतेगी। वहीं दूसरी ओर अंशुल चौधरी इस प्रतियोगिता में दूसरी बार हिस्सा ले रहे हैं व 2024 में कांस्य पदक जीत चुके हैं।अंशुल चौधरी व पायल कंवर दोनो ही कोच ओमप्रकाश चौधरी के निर्देशन में लक्ष्मणगढ़ में इनकी निशानेबाजी अकादमी में अभ्यास कर रहे हैं और अभी तक 30 से ज्यादा होनहार ओपन नेशनल प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं।





# नगर कांग्रेस कमेटी ने सौंपा थानाधिकारी को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** गत दिनों सोशल मीडिया पर लाइव आकर डॉ भीमराव अम्बेडकर व अनुसूचित जाति व जनजाति के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी की ओर रविवार को थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता थाना के आगे इक्कठा होकर नारेबाजी करते हुए पुलिस थाना पहुंचे, जहां पर प्रदर्शन कर एएसआई बंजरग यादव से आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। अध्यक्ष जब्बार खोखर ने बताया कि 29 दिसंबर को तहसील के गांव जांदवा निवासी एक युवक की ओर से सोशल मीडिया पर लाइव आकर डॉ अम्बेडकर एवं अनुसूचित जाति व जनजाति समाज के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानित किया था, जिससे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं व अनुसूचित जाति जनजाति के लोगो में आक्रोश व्याप्त है। राजलदेसर पुलिस थाने में मामला दर्ज होने के बाद भी अभी तक गिरफ्तार नहीं होना शर्मसार है। आरोपी की गिरफ्तारी लेकिन दो दिन में गिरफ्तार नहीं किया गया तो बड़ा आन्दोलन किया जाएगा। एएसआई बंजरग यादव ने कहा कि पुलिस उपाधीक्षक रतनगढ़ के पास ये मामला है। ज्ञापन की सूचना अधिकारी तक पहुचा दी जाएगी। इस अवसर पर काफी संख्या कांग्रेस कार्यकर्ता सहित अनुसुचित जाति जनजाति के लोग उपस्थित रहे।

# कुंड में गिरी पत्नी को बचाने उतरा, डूबने से दोनों की मौत




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव किरसाली काँधलान में कुंड में गिरने से एक नवविवाहित पति पत्नी की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पप्पूराम पुत्र छोटूराम जाति मेघवाल निवासी किराड़ा बड़ा हाल ढाणी लक्ष्मणसिंह राजपूत निवासी तारानगर वार्ड 29 ने रिपोर्ट दी कि वह अपने परिवार सहित तारानगर की रोही के किरसाली काँधलान में स्थित लक्ष्मणसिँह के खेत को हिस्से में लेकर काश्त करता है। करीब 2 साल से खेत में ढाणी बनाकर अपने परिवार सहित रहता है। रविवार सुबह करीब करीब 11 बजे वह उसका पुत्र सुनील व सुनील की पत्नी पूनम तीनों चने की फसल में खरपतवार कर रहे थे। उस दौरान सुनील की पत्नी पूनम खेत में बने कुंड से पानी निकालने के लिए गई तो पानी निकालते समय अचानक पैर फिसल जाने से वह कुंड में गिर गई जब पूनम ने अपने पति सुनील को आवाज लगाई तो उसका पति सुनील भाग कर आया और कुंड से अपनी पत्नी को निकालने की कोशिश की तो उसका भी पैर फिसल गया, वह भी कुंड में गिर गया और पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गयी तभी आवाज सुनकर पप्पूराम एवं आसपास के किसान वहां आए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के सहयोग से परिजनों ने दोनों मृतकों के शवों को कुंड से बाहर निकाला और तारानगर के अस्पताल में लेकर आए, पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मृतक सुनील के पिता की रिपोर्ट पर दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया व मर्ग दर्ज कर जाँच शुरू कर दी।

# डूंगर बालाजी सड़क को सही करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय वार्ड न. 6 के लोगों जिला कलक्टर को एक ज्ञापन भेजकर वार्ड न. 6 डूंगर बालाजी रोड़ की मुख्य सड़क को सही करवाने की मांग की है। ज्ञापन में सुरेंद्र भार्गव, भागूराम, श्रवण, बजरंग, भंवरलाल आदि ने बताया है कि डूंगर बालाजी रोड़ पर मुख्य सड़क काफी दिनों से एक पोईंट विशेष पर टूटी हुई है। जबकि छापर रोड़ पर ओवर ब्रिज का काम चलने के कारण बसों का आवागमन इधर से हो रहा है। इसलिए दुर्घटना की संभावना को टालने के लिए इस समस्या का समाधान करने के निर्देश पीडबल्यूडी को दिए जाए।

# बार संघ अध्यक्ष सहारण ने पंचायत समिति व वार्ड परिसीमन को लेकर सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स




**तारानगर(निस)।** मूल पंचायत समिति तारानगर में बनी तारानगर वर्तमान तारानगर पूर्व तथा भालेरी वर्तमान तारानगर पश्चिम के नाम से संशोधन होने के बाद तारानगर पश्चिम के कोष्ठक में से भालेरी नाम हटाने व तारानगर पूर्व व तारानगर पश्चिम दोनों पंचायत समितियों की सीमाओं में नजदीक की ग्राम पंचायतों को व पंचायत समितियों में समस्त ग्राम पंचायतों की सीमाओं को सहबद कर तारानगर पूर्व व तारानगर पश्चिम पंचायत समितियों की सीमाओं में सुधार कर पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य के वार्डों का गठन सही तरीके से करने बाबत लिखा पत्र।एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण ने बताया कि नियमानुसार पंचायत समितियों का गठन करते समय सम्पूर्ण पंचायत समिति की समस्त ग्राम पंचायते एक-दूसरे की सीमा से सहबद्ध होकर जन सुविधा व प्रशासनिक दृष्टिकोण से पंचायत समितियों में नजदीक की ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किए जाने का प्रावधान है परन्तु तारानगर वर्तमान तारानगर पूर्व व भालेरी वर्तमान तारानगर पश्चिम दोनों पंचायत समितियों में ना तो नजदीक की ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया गया है और ना ही दोनों पंचायत समितियों तारानगर पूर्व व तारानगर पश्चिम में आने वाली समस्त ग्राम पंचायतें एक दूसरे की सीमाओं से सहबद्ध है। एडवोकेट सहारण ने ज्ञापन में बताया कि मूल पंचायत समिति तारानगर में कुल 52 पंचायतें नवसृजित हुई है जिसमें अकेले तारानगर की ग्राम पंचायतों से ही तारानगर पूर्व व तारानगर पश्चिम पंचायत समितियां बन सकती है क्योंकि वर्तमान में भालेरी संशोधित तारानगर पश्चिम में 25 पंचायतें तथा तारानगर संशोधित तारानगर पूर्व में तारानगर की 27 पंचायतें शामिल है जो तारानगर पूर्व में राजगढ़ तहसील की 8 पंचायतों को गलत तरीके से प्रस्तावित कर तारानगर पूर्व पंचायत समिति में जोड़ा गया है। क्योंकि मरूस्थलीय जिला चूरू में जनसंख्या मापदण्डों बाबत् 20 प्रतिशत छूट है और इसके अलावा भी शिथिलता देकर पंचायत समितियां बनाने हेतु जिला कलेक्टर को आदेशित कर रखा है। जो एक पंचायत समिति में 25 से कम ग्राम पंचायतें रखी जाकर न्यूनतम 20 ग्राम पंचायतें रखी जाने का भी प्रावधान है। राजगढ़ की 8 ग्राम पंचायतें तारानगर पूर्व पंचायत समिति में जोड़ने से तारानगर पूर्व पंचायत समिति व राजगढ़ की 8 पंचायतों के लोगों को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा क्योंकि राजगढ़ तहसील की जोड़ी गई 8 ग्राम पंचायतें कभी भी तहसील क्षेत्र व उपखण्ड क्षेत्र तारानगर में सम्मिलित नहीं हो सकती है। इन लोगों को महज एक पंचायत समिति के लिए तारानगर आना पड़ेगा जो किसी भंयकर दुविधा से कम नहीं है तथा तारानगर पूर्व पंचायत समिति के लोगों को मिलने वाली योजनाओं व सुविधाओं का भी राजगढ़ तहसील की 8 ग्राम पंचायतें तारानगर में जुड़ने पर बंटाधार होगा जिसका तारानगर के लोगों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। सहारण ने बताया कि तारानगर व भालेरी पंचायत समिति को तारानगर पूर्व व तारानगर पश्चिम (भालेरी) संशोधित प्रकाशन करने के बाद पंचायत समितियों की स्थिति पूरी तरह से बदल गई है इसलिए तारानगर पश्चिम पंचायत समिति के कोष्ठक में से भालेरी नाम हटाया जाना न्यायोचित है ताकि तारानगर की जनता में बनी भ्रम की स्थिति दूर हो क्योंकि भालेरी तारानगर तहसील के अंतिम छोर का गांव है। अगर भविष्य में तारानगर पश्चिम पंचायत समिति के मुख्यालय का नाम व स्थान भालेरी कर दिया जाये तो तारानगर की जनता को बहुत बड़ी परेशानी उठानी पड़ेगी। सहारण ने बताया कि पूर्व प्रकाशित तारानगर व भालेरी पंचायत समितियों की समस्त ग्राम पंचायतों की सीमाएं एक-दूसरे से सहबद्ध ना होने व नजदीक की ग्राम पंचायतें समिलित ना होने तथा वर्तमान में तारानगर को तारानगर पूर्व व भालेरी को तारानगर पश्चिम प्रकाशित करने के बाद स्थिति पूरी तरह से बदल गई है जिससे तारानगर वर्तमान तारानगर पूर्व व भालेरी वर्तमान तारानगर पश्चिम पंचायत समितियों के वार्डों का भी गलत गठन कर प्रकाशन किया गया है। सहारण ने बताया कि वार्डों के गठन में प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या यथासंभव समानुपात में रखते हुए तथा समस्त ग्राम पंचायतों को एक निर्वाचन क्षेत्र में रखकर राजस्थान पंचायतीराज निर्वाचन नियम 3(7) के अनुसार प्रत्येक वार्ड को उतर-पश्चिम कोने से आरंभ कर घड़ी की विपरित दिशा की ओर बढ़ते हुए समीपस्थ वार्डों का क्रमवर्ती संख्या अंकित करते हुए वार्डों का गठन नियमानुसार करने का प्रावधान है। इसलिए तारानगर पूर्व पंचायत समिति में से राजगढ़ तहसील की 8 पंचायतों को हटाते हुए ढिंगी, हड़ियाल, ब्रह्मनगर, अलायला, रामपुरा, सात्यूँ, राजपूरा सहित तारानगर की पूर्व दिशा की तरफ की समस्त ग्राम पंचायतें तारानगर पूर्वी पंचायत समिति और भालेरी वर्तमान तारानगर पश्चिम पंचायत समिति के कोष्ठक में से भालेरी नाम हटाते हुए खरतवास, भांमरा, रैयाटुण्डा, बनियाला, भाडंग, धीरवास बड़ा, लूणास सहित तारानगर की पश्चिम दिशा की तरफ की समस्त ग्राम पंचायते तारानगर पश्चिम पंचायत समिति में रखी जाकर ही तारानगर पूर्व व तारानगर पश्चिम पंचायत समितियों की सीमाओं में संशोधन कर आदेश एफ 15(43) परावि/ विधि/वार्ड पुनर्गठन/ 2025/850 दिनांक 17.12.2025 के बिन्दु संख्या 1,8,11,12,13 के अनुसार ही पंचायत समिति व जिला परिषद के वार्डों का गठन किया जाए ताकि तारानगर की जनता परेशान न हो।

# जयपुर में सेना दिवस परेड का आयोजन प्रदेश के लिए गर्व एवं हर्ष का विषय - मुख्य सचिव

## सेना दिवस परेड-2026 की तैयारियों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

## जगतपुरा में आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर में 8 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक आयोजित होने जा रही सेना दिवस परेड-2026 के दिव्य एवं भव्य आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने रविवार को महल रोड, जगतपुरा स्थित आयोजन स्थल का दौरा कर सेना दिवस परेड की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर मैप्स एवं चार्ट के माध्यम से विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेना दिवस परेड का जयपुर में आयोजन पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और इसे राष्ट्रीय स्तर की गरिमा के अनुरूप आयोजित किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान सरकार सेना दिवस परेड-2026 के सफल आयोजन हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, दर्शक दीर्घा एवं मंच व्यवस्था, स्वच्छता, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, चिकित्सा सेवाएं तथा आपातकालीन प्रबंधन को लेकर विशेष निर्देश दिए। साथ ही, आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पूर्व तैयारी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासन एवं सेना के अधिकारियों से फील्ड-लेवल तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव श्री नवीन जैन, जिला कलक्टर जयपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आयुक्त नगर निगम डॉ. गौरव सैनी, मेजर जनरल अमर रामदासानी, मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा, ब्रिगेडियर सुरेन्द्र सिंह शेखावत, ब्रिगेडियर संजय शर्मा एवं कर्नल सुभाष बसेरा सहित प्रशासन एवं सेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# लक्ष्मणगढ़ में अवनीश मुद्गल का सम्मान समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के शारदा सदन पुस्तकालय में रविवार को गौड़ ब्राह्मण महासभा व शारदा सदन पुस्तकालय समिति के संयुक्त तत्वावधान में जलदाय विभाग लक्ष्मणगढ़ में हाल ही में संस्थापन अधिकारी के पद पर पदोन्नत हुए अवनीश मुद्गल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मंचासीन अतिथियों में लक्ष्मणगढ़ गौड़ ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी रामजी लाल जोशी, सत्यनारायण नाहरिया और शारदा सदन पुस्तकालय मंत्री अरुण सेन शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत निधि शर्मा व पिंकी कुमावत की ओर से तिलक-अर्चन से की गई। इस अवसर पर गायत्री परिवार की निहारिका महर्षि ने बच्चों को संस्कारवान बनाने पर विचार रखे। समारोह के दौरान सुभाष जोशी व पं. रामजी लाल जोशी ने साफा पहनाकर, जबकि प्रकाश पसौरिया व जयप्रकाश शर्मा ने शॉल ओढ़ाकर अवनीश मुद्गल का सम्मान किया। सूरजभान बिजला ने श्रीफल तथा पवन गोयनका ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व शिक्षाविद रामनिवास शर्मा ने सम्मान पत्र का वाचन कर सम्मान पत्र सौंपा। कार्यक्रम में पं. कमल नयन मिश्रा व चंद्रशेखर जोशी ने मंगलपाठ किया। इस मौके पर शारदा सदन पुस्तकालय के अध्यक्ष दिनेश मारोठ वाला, सुभाष जोशी, दिन दयाल जोशी, महेश खुड़ीवाला, डॉ सुरेश कुमार ढढ,पवन गोयनका,प्रकाश पासोरिया,जय प्रकाश शर्मा, अरविंद शर्मा, राजेश पीटीआई, विष्णु शर्मा पीटीआई, प्रहलाद रिंगसिया, भंवरलाल शर्मा (हमीरपुरा), सुरेंद्र इंदौरिया, कंपाउडर सुशील जोशी, दिनेश भातरा सुरेश ढढ, नरोत्तम वैद्य, मुरारी लाल महर्षि, लक्ष्मीकांत लसाडिया, बालकृष्ण जोशी, अरुण नाहरिया, अमरचंद पुजारी, श्री राम नौवाल, दीनदयाल लाटा,अनुराग काछवाल, प्रभु दयाल इंदौरिया, चंद्रशेखर जोशी, सांवरमल शर्मा भुमा वाला, मोतीलाल शर्मा, संजय जोशी, संजय दाधीच, रमाकांत गोंदला, सुरेंद्र मोदी, प्राचार्य मुकेश शर्मा , सुशील पुजारी, सूरजभान बिजला, दामोदर भार्गव, कमल सुरोलिया, आशीष मुद्गल, रवि मुदगल, पुष्पेंद्र निर्वाण,सुरेश रिंगसिया, सुमन शर्मा, मनोज, सोनू सैनी,जय प्रकाश शर्मा, जलदाय विभाग के सुभाष शर्मा, दीपक गौड़ मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षाविद कमल गोयनका की ओर से किया गया।

# विद्यालय भवन को जर्जर बताने के आदेश का विद्यालय प्रबंधन समिति ने किया विरोध

जयपुर टाइम्स




**पाटन(निस)।** शिक्षा विभाग की ओर से करजो खरकड़ा गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन को जर्जर बताते हुए विद्यालय को बेगा की नांगल गांव के विद्यालय में मर्ज करने के आदेश के बाद गांव में असंतोष व्याप्त है। इस संबंध में करजो खरकड़ा गांव की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर सरकार के इस निर्णय का विरोध दर्ज कराया गया। बैठक में समिति सदस्यों ने स्पष्ट किया कि विद्यालय भवन पूरी तरह सुरक्षित है और बच्चों की पढ़ाई बिना किसी जोखिम के संचालित की जा सकती है। समिति ने कहा कि विद्यालय को लगभग 7 किलोमीटर दूर रामपुरा बेगा की नांगल गांव में स्थानांतरित करने से छोटे बच्चों को आवागमन में गंभीर परेशानी होगी, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित होगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी शिक्षा विभाग को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि विद्यालय भवन जर्जर नहीं है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि वे स्वयं तथा उनकी अध्यापिका टीम विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षण कार्य कराने की पूरी जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। साथ ही विद्यालय को अन्यत्र मर्ज नहीं करने की मांग की गई है। विद्यालय प्रबंधन समिति व ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि जमीनी वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए आदेश पर पुनर्विचार किया जाए तथा करजो गांव में ही विद्यालय का संचालन यथावत रखा जाए।

# भाजपा कार्यकर्त्ता संगठन सशक्तिकरण के लिए शत प्रतिशत योगदान दें: सुथार

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की संगठन सशक्तिकरण को लेकर बैठक रविवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक के शुभारम्भ पर विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार का रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने साफा व् पार्टी का दुपट्टा पहनकर स्वागत व अभिनन्दन किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष सुथार ने कहा कि संगठन सशक्तिकरण के लिए बूथ स्तर पर कार्य योजना तैयार करके पार्टी को मजबूती प्रदान करें। बूथ के सशक्तिकरण से ही पार्टी की नींव मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल ईंजन की सरकार है। हमारी पार्टी और सरकार की मंशा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पंहुचाने की है। और बूथ स्तर के सक्रीय कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही इसे सुनिश्चित किया जा सकता है। रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि भाजपा कार्यकर्त्ता पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से संगठन सशक्तिकरण अभियान को गति प्रदान करने आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सन्तोष तालनिया, भागीरथ सिंह राठौड़, अर्जुन सिंह फ्रांसा, बजरंग गुर्जर, दीनदयाल पारीक, हरिप्रसाद दायमा ,जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, हिम्मत सिंह, स्वरूप सिंह, शहर मण्डल अध्यक्ष महेश सैनी, पड़िहारा मण्डल अध्यक्ष श्योपाल मेघवाल, गोरीसर मण्डल अध्यक्ष सुशील इन्दौरिया, परसनेऊ मण्डल अध्यक्ष छोटू सिंह राजपुरोहित, छापर मण्डल अध्यक्ष गजानन्द स्वामी, निरंजन रुन्थाला, जयराम जांगिड, भीमराज प्रजापत, महेश सेवदा, श्याम मेघवाल, सुरेन्द्र सिंह, भरत रांकावत, शम्भूदयाल लाटा, किशनलाल घोडेला, सलीम खान, बजरंगलाल लुहानिवाल, हीरालाल प्रजापत, दीपचन्द प्रजापत,शिवम् सैनी, कुसुम शर्मा, गोविन्द कटोड, मागीलाल माहिच,जीवन भाटी, पृथ्वी सिंह, साबीर गौरी, रामोतार दायमा, भंवरलाल टेलर, निरंजन नाई सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# टैलेन्ट हंट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

जयपुर टाइम्स



**बिसाऊ(निस)।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल, बिसाऊ में 2026 के लिए आयोजित टैलेन्ट हंट प्रतियोगिता ने एक बार फिर कस्बे और आसपास के गांवों के छात्रों के बीच उत्साह का संचार किया। इस साल इस प्रतियोगिता में 500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर पाया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए डॉ. प्रताप सिंह ने कहा,हमारे स्कूल का उद्देश्य न केवल शैक्षणिक सफलता है बल्कि ऐसे बच्चों को तैयार करना जो अन्य बडे पदो पर जा सके। हर वर्ष की भांति, इस बार भी हम प्रतिभाओं की खोज के लिए समर्पित हैं। परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों ने न केवल अपने ज्ञान का परीक्षण किया, बल्कि अपने आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी बढ़ाया। सभी प्रतियोगियों के परिणाम विद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे, जिससे छात्रों और उनके अभिभावकों को ताजा जानकारी मिल सकेगी। प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को न केवल पहचानने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए भी एक मंच तैयार करता है। यह सुनिश्चित करता है कि गांव के बच्चे भी अपने सपनों की ऊंचाइयों को छू सकें। डॉ. प्रताप सिंह ने कहा कि हमारा मकसद है कि हर बच्चे को उसकी प्रतिभा के अनुसार अवसर मिले। बिसाऊ के बच्चों के सपनों की उड़ान को और ऊँचाइयों की ओर ले जाने के लिए यह टैलेन्ट हंट एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# केकेसी पीजी महाविद्यालय में 80 यूनिट रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के केकेसी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के संस्थापक व संरक्षक ठा. प्रेम सिंह राठौड़ की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर केकेसी पीजी महाविद्यालय परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 80 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब व प्रेम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि आचार्य मनोज दीक्षित, माननीय कुलगुरु महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, चूरू विधायक हरलाल सहारण के कर कमलों से किया गया। अतिथियों ने ठा. प्रेम सिंह राठौड़ की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शिविर का अवलोकन किया। महाविद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संस्था निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूज्य पिता ठा. प्रेम सिंह राठौड़ का संपूर्ण जीवन शिक्षा, सेवा और समाज कल्याण को समर्पित रहा। उन्हीं के आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए यह शिविर आयोजित किया गया है। महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान ने कहा कि महाविद्यालय निरंतर शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन व सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि बीते शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों व सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इस अवसर पर माननीय कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान केवल एक चिकित्सा सहायता नहीं बल्कि मानवीय संवेदना का सर्वोच्च रूप है। युवाओं की इस सहभागिता से यह स्पष्ट होता है कि शैक्षणिक संस्थान समाज निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि रक्तदान शिविर जैसे आयोजन समाज के लिए जीवनदायी सिद्ध होते हैं। केकेसी पीजी महाविद्यालय की ओर से पुण्यतिथि को सेवा दिवस के रूप में मनाना अत्यंत प्रेरणादायी पहल है। इस अवसर पर संजीत श्योरान, मैनेजर एचडीएफसी बैंक ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह किसी जरूरतमंद के लिए जीवन की नई उम्मीद बनता है। केकेसी पीजी महाविद्यालय की ओर से निरंतर ऐसे सेवा कार्यों का आयोजन करना समाज के प्रति जागरूकता और मानवीय संवेदनशीलता का प्रतीक है।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों की ओर से राजकीय डीबी चिकित्सालय चूरू से डॉ सूरज शर्मा के नेतृत्व में आई 9 सदस्यीय चिकित्सा टीम का माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। अतिथियों ने चिकित्सा दल की सेवाभावना, समर्पण व कुशल कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए उनके योगदान को रक्तदान शिविर की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया।

इस अवसर पर माननीय कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने रक्तवीरो का सम्मान करते हुए महाविद्यालय की एनएसएस व एनसीसी इकाइयों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन इकाइयों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भाव व सामाजिक दायित्व की भावना विकसित होती है। रक्तदान जैसे आयोजनों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है। कार्यक्रम के पश्चात माननीय कुलगुरु सहित सभी अतिथियों ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जगदीश कुमार की ओर से किया गया। इस अवसर पर केकेसी स्कूल, बालिका विद्यालय व केकेसी पीजी कॉलेज के समस्त स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## सावित्री बाई फूले के देश में दिए योगदान को किया रेखांकित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका व महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर शेखावाटी सैनी समाज और वी.एस कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शेखावाटी सैनी समाज के अध्यक्ष विक्रम सिंह चोबदार, वी.एस कॉन्सेप्ट के निदेशक विकास सिंह चोबदार मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित किया और सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष विक्रम सिंह चोबदार ने अपने संबोधन में सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके शिक्षा के क्षेत्र में किए गए संघर्षों पर प्रकाश डाला। विकास सिंह चोबदार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सावित्रीबाई फुले के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एडवोकेट बुद्धि प्रकाश प्रजापत, सरोज देवी चोबदार, एडवोकेट मधु चोबदार, रिद्धिमा प्रजापत, सोनाक्षी स्वामी, मानवी, सोफिया, कुलदीप, संजय, नवीन, आदित्य, अक्षत, मंजीत, शुभम, दशरथ आदि मौजूद रहे।

## प्रियांशी शर्मा का भारतीय महिला बॉल बैडमिंटन टीम में चयन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि ग्राम भूमा निवासी प्रियांशी शर्मा का चयन भारतीय महिला बॉल बैडमिंटन टीम में हुआ है। बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ एशिया व नेपाल बॉल बैडमिंटन महासंघ के तत्वावधान में 1 से 6 जनवरी 2026 तक काठमांडू व बिराटनगर (नेपाल) में आयोजित होने वाली इंडो-नेपाल बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा की गई है, जिसमें प्रियांशी शर्मा को शामिल किया गया है। प्रियांशी शर्मा, पुत्री महेश शर्मा, के चयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। खेल प्रेमियों व ग्रामीणजनों ने इसे भूमा गांव के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। लोगों ने कहा कि प्रियांशी की यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है।ग्रामीणों एवं खेल जगत से जुड़े लोगों ने प्रियांशी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। प्रियांशी के चयन से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है और भूमा गांव का नाम खेल मानचित्र पर और अधिक मजबूती से उभरा है।

## तोदी महाविद्यालय में एनएसएस सात दिवसीय शिविर का समापन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लक्ष्मणगढ़ में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आनंद शर्मा व घनश्याम वर्मा की ओर से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। समारोह में डॉ. आनंद शर्मा ने सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शिविर के दौरान आयोजित श्रमदान, प्रभात फेरी, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, व्याख्यानमाला, विभिन्न प्रतियोगिताओं, शैक्षणिक भ्रमण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में दिल्ली में आयोजित इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में महाविद्यालय के सात स्वयंसेवकों की सहभागिता एनएसएस इकाई के लिए गर्व का विषय है।कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं तथा शिविर से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इससे पूर्व शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों को भानगढ़ (अलवर) व आमेर किला (जयपुर) का भ्रमण करवाया गया, जहां उन्हें इन ऐतिहासिक स्थलों के इतिहास व सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में घनश्याम वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका खुशी ने किया।

## कथा में सुनाया रूक्मणि विवाह प्रसंग

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सार्वजनिक सेवा समिति नलिया बास की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा मे पंडित भवानी शंकर पारीक ने आज छटे दिवस की कथा मे रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रास के लिए जीव के साथ-साथ प्रभु शक्ति को भी लेना पड़ेगा। क्योंकि गोपियाँ कोई साधारण नहीं थीं। समिति के रामदेव सांखला, डालम्चंद तंवर, निर्मल तँवर, बाबूलाल यादव, अनिल पंवार, धर्म स्वामी, अनिल स्वामी, ईश्वर चादोलिया, गोवर्धन टाक, रोहित टाक, भरत आदि ने भगवान की बारात बैंड बाजो से निकाली और नृत्य किया। पांडाल मे सभी झूम उठे। मंच संचालन संदीप जोशी ने किया।

## राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का समापन, महिला वर्ग में सीकर को कांस्य पदक

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** 44वीं राज्य स्तरीय शूटिंगबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का समापन समारोह रविवार को सीकर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी फूलसिंह ओला मुख्य अतिथि रहे, जबकि उप जिला प्रमुख ताराचंद घायल ने अध्यक्षता की। जिला खेल अधिकारी प्रकाशराम गोदारा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके खेल की सराहना की और सफल आयोजन के लिए आयोजक मंडल को बधाई दी।जिला खेल अधिकारी प्रकाशराम गोदारा ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में कड़े मुकाबले देखने को मिले। क्वार्टर फाइनल में चूरू ने टोंक, जयपुर ने भीलवाड़ा, अजमेर ने दौसा तथा गंगानगर ने बारां को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबलों में गंगानगर ने अजमेर को, जबकि जयपुर ने चूरू को पराजित किया। फाइनल मुकाबले में गंगानगर ने जयपुर को 2-1 सेट से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। जयपुर उपविजेता रहा और चूरू को तीसरा स्थान मिला। महिला वर्ग में अजमेर ने फाइनल में जयपुर को 2-1 से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। जयपुर को दूसरा स्थान मिला, जबकि सीकर महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।समारोह में राजस्थान शूटिंगबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएनएन उपाध्याय, महासचिव डॉ. ओपी माचरा, ऑब्जर्वर अल्ताफ हुसैन, को-ऑर्डिनेटर इंदुराज शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन राजवीर सिंह शेखावत ने किया।

## नव वर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम में एकजुट हुए निजी संस्थाओं के संचालक



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** नववर्ष के अवसर पर रविवार को निजी इंस्टीट्यूट एसोसिएशन की बैठक स्थानीय बगड़िया बाल विद्या निकेतन में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की निजी शिक्षण संस्थाओं के संचालक एकजुट हुए और आपस में नववर्ष की शुभकामनाएं आदान- प्रदान कीं। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बैठक राजस्थान प्रदेश निजी कॉलेज संघ के अध्यक्ष नवरंग चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ नवाचार, कौशल विकास, अनुशासन और संस्कारों को जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने निजी संस्थाओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनाए रखने पर भी जोर दिया।संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र रुहेला ने सभी को साथ लेकर चलने तथा संगठन को मजबूत करते हुए नई दिशा देने का आश्वासन दिया। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और संस्थाओं के आपसी सहयोग पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में पवन गोयनका, राजेंद्र ताखर, विनीत पारीक, राजवीर मील, संदीप बलारां, सतीश, मोहम्मद हुसैन चौधरी, हरफूल ताखर, गणपत भड़िया, बलबीर गोदारा, सवाई सिंह, बजरंग कुमावत, आबिद खिरवा, देवेंद्र खीचड़, महेंद्र थाकण, रहीम कुरैशी सहित अनेक निजी शिक्षण संस्थाओं के संचालक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विनीत पारीक ने किया।

### मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म

## फ्रेंड्स फॉरएवर सोसाइटी ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े और कंबल



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** कड़ाके की ठंड और सेवा के संकल्प के साथ फ्रेंड्स फॉरएवर सोसायटी की ओर से रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। सोसायटी के सदस्यों ने बीकानेर रोड स्थित तेजाजी जी मंदिर के पास जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किए। वहीं कानी देवी सेवा संस्था मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम में पहुंचकर बेसहारा महिलाओं को कंबल भेंट किए। सदस्यों के इसी सामूहिक प्रयास से सैकड़ों लोगों को सर्दी से राहत दिलाने का प्रयास किया गया। अध्यक्ष नितिन सेठिया ने कहा कि फ्रेंड्स फॉरएवर सोसायटी का मुख्य ध्येय नर सेवा ही नारायण सेवा है। हम भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा प्रकल्पों को निरंतर जारी रखेंगे। संरक्षक हरीश जैसनसरिया ने कहा समाज के प्रति हमारी भी कुछ जिम्मेदारी है। कड़ाके की इस ठंड में अगर हमारे छोटे से प्रयास से किसी को राहत मिलती है तो यही हमारी संस्था की असली सफलता है। उपाध्यक्ष छत्रमोहन शर्मा ने कहा कि कानी देवी सेवा संस्था जैसे आश्रमों में जाकर सेवा करना हमें आत्मिक शांति देता है। सचिव राजेश पारीक ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सह सचिव महावीर सोनी, कोषाध्यक्ष गोपाल जालान, चन्द्र प्रकाश लाटा, पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी ने भी सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जब 100 से ज्यादा हाथ एक नेक मकसद के लिए मिलते हैं। समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। संगठन मंत्री अमित आंचलिया, राजन जांगिड़, हनुमान प्रसाद कंदोई, राजवीर सिंह, कपिल शर्मा, रतन मोयल, गौरीशंकर भोजक, रमेश मित्तल, राकेश जोशी तथा मुकेश जैसनसरिया सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित होकर सेवा कार्यों में हाथ बंटाया। आश्रम प्रबंधन ने सोसायटी के इस मानवीय दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 575 वर्ष प्राचीन ठाकुरजी मंदिर में संत आगमन

### ग्रामीणों ने महंत बलबीर दास जी को सौंपा मंदिर दायित्व

जयपुर टाइम्स



**नीमकाथाना/पाटन(निस)।** पाटन क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम बक्सीपुरा स्थित 575 वर्ष प्राचीन ठाकुरजी मंदिर परिसर में रात्रि जागरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ किया गया। आयोजन में संतों के सानिध्य से क्षेत्र का धार्मिक वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मंदिर संपत्ति व संचालन का दायित्व महंत बलबीर दास जी महाराज को सौंपा। ग्रामीणों ने महाराज श्री को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नीमकाथाना के अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ सांख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनका जाटवास व बक्सीपुरा के ग्रामीणों की ओर से साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। महंत बलबीर दास जी महाराज ने कहा कि दोनों गांवों के मध्य स्थित यह प्राचीन मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है। ग्रामीणों की ओर से सौंपे गए इस दायित्व को वे पूरी निष्ठा व सेवा भाव से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की आस्था को जीवित रखना ही सबसे बड़ा धर्म है। भविष्य में मंदिर परिसर में समय-समय पर धार्मिक आयोजन होते रहेंगे तथा समाज सेवा, गौसेवा, बुजुर्गों की सेवा एवं धार्मिक कार्यों में समर्पित लोगों को सम्मानित किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि बक्सीपुरा पाटन ब्लॉक का एकमात्र गांव है, जहां प्रत्येक माह भोमिया जी महाराज मंदिर में रात्रि जागरण का आयोजन होता है, जिसमें पूरा गांव सामूहिक रूप से भाग लेता है। ठाकुरजी मंदिर के नवनिर्माण से भी ग्रामीणों में आस्था और उत्साह बढ़ा है। जाटवास व बक्सीपुरा गांवों की धार्मिक आयोजनों में संयुक्त भूमिका सराहनीय रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि दोनों गांवों के मध्य जाट समाज के कुलदेवता बाला सिद्ध जी का प्राचीन मंदिर स्थित है, जिसकी मान्यता दूर-दूर तक है। आयोजन में सीकर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिनका ग्रामीणों ने साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में सुमेर, राजेश, करतार, संदीप, मालीराम, महिपाल, लक्ष्मण काजला, सज्जन सिंह थानेदार, कमल सिंह, सुभाषचंद, उदमी राम, सतवीर, ज्ञानचंद, हंसराज, उमेश, जागेराम, सुरेश, भैरूं सिंह सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दस दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण शिविर का समापन



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** पीएमश्री श्री यूनियन क्लब राबाउमावि राजलदेसर में ओजेटी इंटर्नशिप आयोजन के तहत लगा दस दिवसीय शिविर का समापन हुआ। व्याख्याता रिखा राम तालणिया ने बताया कि इंटर्नशिप आयोजन पीएम श्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर से कक्षा 11वीं व 12वीं की छात्राओं के लिए ओन द जॉब ट्रेनिंग इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। यह कार्यक्रम 26 दिसंबर से 4 जनवरी तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सिंह राठौड़, कौशल मित्र रमेश कुमार व व्यावसायिक प्रशिक्षक पिंकी मंडल उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान व्यावसायिक प्रशिक्षक पिंकी मंडल ने छात्राओं को इंटर्नशिप के उद्देश्य व महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्राएँ अपनी नियमित पढ़ाई के साथ-साथ 10 दिनों का व्यावसायिक प्रशिक्षण (जॉब ट्रेनिंग) की, जिससे उनका व्यावहारिक ज्ञान, कार्य अनुभव व आत्मविश्वास विकसित होगा। यह प्रशिक्षण भविष्य में रोजगार व स्वरोजगार की दिशा में सहायक सिद्ध होगा। कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं के लिए इंटर्नशिप का आयोजन खुशी ब्यूटी पार्लर, मोनिका ब्यूटी पार्लर तथा निखार ब्यूटी पार्लर में किया गया। इन प्रशिक्षण स्थलों पर छात्राओं को सौंदर्य व स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया गया। अंत में विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी प्रशिक्षण संस्थानों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया तथा छात्राओं को इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

## टैलेन्ट हंट-2026 प्रतियोगिता का सफल आयोजन

जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल, बिसाऊ में हर वर्ष की भांति प्रतिभावाओं को खोजने के लिए टैलेन्ट हंट-2026 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे के आस पास के गांवों के 500 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। डॉ प्रताप सिंह ने बताया कि संस्था की ओर से हर वर्ष की भांति इस साल भी कस्बे के प्रतिभावाओं की खोज के लिए टैलेन्ट हंट-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर कक्षा 1 से 12 तक के सभी बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। जिनको 2 घण्टे के समय में 100 प्रश्न करने है। सभी प्रतिभागीयों का परीक्षा परिणाम ऑनलाईन विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2025/9954 दिनांक :– 29.12.2025
**:–ई–निविदा सूचना–2025–26:–**
नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 19.01.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक (DLB2526WSOB28934), (DLB2526WSOB28935) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/16995 नगर परिषद सुजानगढ

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2025/9922 दिनांक :– 29.12.2025
**:–ई–निविदा सूचना–2025–26:–**
नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 15.01.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक (DLB2526WSOB28858) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/16930 नगर परिषद सुजानगढ

## सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरण अभियान जारी



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** इंसानियत एकता सेवा समिति, चूरू की ओर से चल रहे पिछले 19 दिनों से रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान के तहत फतेहपुर में चूरू स्टेण्ड, रेलवेस्टेशन, मोहल्ला तेलियान सहित कई जगहों पर असहाय व जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए गए। कम्बल मिलने पर जरूरतमंदों को खुशी हुई और उन्हें सर्दी से राहत मिली। इस अवसर पर अभियान संयोजक व समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि अपने लिए तो हर इंसान जीता है , लेकिन जो इंसान दूसरों के लिए जीता हो उसको ही असल ज़िन्दगी कहते हैं। उन्होंने कहा कि बेसहारा लोगों की मदद करना और उनके सुख-दुःख में साथ खड़े रहना, इसी का नाम इंसानियत है। सामाजिक कार्यकर्ता मोनिस खान जलालसर ने बताया कि बेसहारा लोगों की मदद करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान समिति व्यवस्थापक जाफर खान, सुलेमान मनीहार, अब्बार खान, फैसल खान, पंकज सैनी, इकबाल पठान, सोयल खान आदि मौजूद रहे।

## डॉ. मोहरसिंह मीणा का पशुपालन विभाग में पदोन्नति होने पर किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** डॉ मोहरसिंह मीणा सिरसला को उपनिदेशक, पशुपालन विभाग के पद पर पदोन्नति होने पर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। रविवार को 'के एम एम आदिवासी मीणा छात्रावास चूरू' में राष्ट्रीय मीणा महासभा जिला चूरू की बैठक का आयोजन महासभा के जिला संरक्षक व सेवानिवृत स्टेशन अधीक्षक रामेश्वर लाल मीणा के मुख्य आतिथ्य व झुंझुनू के वरिष्ठ समाजसेवी सज्जनसिंह मीणा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ मोहरसिंह मीणा ने की। समाज हित के कई मुद्दों पर चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करने के साथ नव वर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज हित में नए संकल्प लेने का आह्वान किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ मोहरसिंह मीणा का उपनिदेशक, पशुपालन विभाग के पद पर पदोन्नति होने पर महासभा पदाधिकारियों ने साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष फूलाराम मीणा, सलाहकार गिरधारलाल मीणा, मुख्य संगठन सचिव झाबरमल मीणा, छात्रावास सह अधीक्षक देवकरण मीणा, सचिव डॉ बी एल मीणा, कार्यालय सचिव सचिन मीणा, रोहिताश मीणा राजगढ़, ओमप्रकाश मीणा रतनगढ़, रोहित मीणा, अनुराग, खमाना राम, जितेन्द्र , राजदीवान, मनीष, विष्णु मीणा, समाज के प्रबुद्धजन व छात्रावास में अधिवास करने वाले छात्र भी उपस्थित रहे।

## भव्य कलश यात्रा निकाली, भागवत कथा शुरू

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** शहर के प्रतिभा नगर स्थित सोती भवन में रविवार को भागवत कथा शुरू हुई। कथा का आयोजन कुमार केशव सिंह प्रन्यास की ओर से किया जा रहा है। भागवत कथा से पहले सुबह 11 बजे बद्रीनारायण मंदिर से ध्वज व कलश यात्रा निकाली गई। पुरूष आगे-आगे धर्म ध्वजा लेकर चले, वहीं पीछे महिलाएं कलश लेकर मंगल गीत गाती हुई यात्रा में चली। कलश यात्रा मोहल्ले के मुख्य मार्ग से होती हुई सोती भवन पहुंची। दोपहर में कथा के पहले दिन प्रवचन करते स्वामी रामसुखदास महाराज के अनुयायी हरिशरण महाराज ने कहा कि लोग विवेक का इस्तेमाल नहीं करते। विवेक से हर समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने इसके लिए कई उदाहरण भी दिए और प्रसंगों का भी जिक्र किया। कथावाचक हरिशरण महाराज ने भागवत को मोक्षदायिनी बताते हुए कहा कि इसका आयोजन और श्रवण सौभाग्य की बात है। इसमें वेद-पुराण का सार है, वहीं ये जीवन का असली अर्थ भी समझाती है। उन्होंने राजा परीक्षित को मिले श्राप और उनसे मुक्ति के लिए शुकदेव जी की ओर से भागवत कथा सुनाने की शुरुआत का प्रसंग का जिक्र किया, वहीं धुंधकारी की कथा के बारे में बताते हुए कहा कि कैसे बुरे कर्मों से प्रेत योनि मिली और कथा सुनने से ही उसे मुक्ति मिली, जो श्रद्धा और प्रेम से सुनने का महत्व दर्शाती है।

## बेस्ट डीलर अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय आरके गार्डन के हॉल में ऋषिका इंडस्ट्रीज की ओर से मेंगो एयरकूलर के बेस्ट डीलर अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक राहुल बैद, पवन बैद, आरएम ओमेंद कटोड़ा ने चूरू जिले में प्रथम रहने वाले छापर के रामूनाथ सिद्ध, द्वितीय सुजानगढ़ के सद्दाम हुसैन, तृतीय बीदासर के अनिल गुप्ता, चतुर्थ छापर के हरीप्रसाद जोशी को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। आरएम ओमेंद्र कटोड़ा ने बताया कि हमारी पहली कंपनी है, जो 2 साल तक होम सर्विस देती है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को नई स्कीमों, उत्पादों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक डीलर व दुकानदार मौजूद रहे।

### अनुविभा के विविध प्रकल्पों में उत्साहपूर्वक जुड़ेंः लूनिया

# योगक्षेम संगठन यात्रा से अणुव्रत समिति को मिली नई दिशा

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** अणुव्रत विश्व भारती की ओर से संचालित विविध प्रकल्पों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अणुव्रत आंदोलन को गति प्रदान करें। ये विचार अणुविभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कुसुम लूनिया ने योगक्षेम संगठन यात्रा में उपस्थित नगरवासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने अणुव्रत आचार संहिता का वाचन कर संकल्प दिलाते हुए अणुव्रत समिति, रतनगढ़ की ओर से संपादित कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। मानवीय मूल्यों के आधार पर एक आदर्श समाज की स्थापना के उद्देश्य से संचालित अणुव्रत आंदोलन के अंतर्गत योगक्षेम अणुव्रत यात्रा के दौरान रविवार को स्थानीय तेरापंथ भवन में आयोजित इस कार्यक्रम को बीकानेर संभाग के राज्य प्रभारी अशोक चोरड़िया, अणुव्रत प्रकाशन सदस्यता प्रसार के राष्ट्रीय संयोजक विनोद बच्छावत, पर्यावरण प्रकल्प की राष्ट्रीय संयोजक डॉ नीलम जैन और लोक सेवा संस्थान के अध्यक्ष चतुर्भुज गोस्वामी ने भी संबोधित किया। समिति अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया, मंत्री नरेंद्र स्वामी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । सह मंत्री नरेंद्र सांकृत्य ने अतिथियों को समिति गतिविधियों का फोल्डर भेंट किया। अणुव्रत कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, आपसी समन्वय व आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ ने अणुव्रत को आचार्य तुलसी की महान अवधारणा बताते हुए संयम, नैतिकता और मानवीय मूल्यों के संदेश को पूर्ण ऊर्जा के साथ जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का वातावरण प्रेरणादायी रहा और सभी उपस्थित लोगों ने अणुव्रत आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया। महिला मंडल अध्यक्ष अनीता बैद, पूर्व अध्यक्ष कमला देवी हीरावत, सुमन कुंडलिया, मंजू बैद, प्रधानाचार्य गिरधारीलाल स्वामी आदि ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। हनुमान बालिका विद्यालय की छात्राओं की ओर से अणुव्रत गीत संगान से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में समिति के कोषाध्यक्ष राजकुमार बैद, वेदप्रकाश चौधरी, अणुव्रत समिति चाड़वास के अध्यक्ष जगदीश जाट, पूजा शर्मा, नथमल तातेड़, राहुल आंचलिया, दौलतराम दायमा, मनफूल राम, सुभाष बैद, अरविंद मिश्रा ,पूनमचंद दूगड़, वासुदेव चाकलान, भैराराम प्रजापत, मनोज सारस्वत, सुभाष मीणा, मांगीलाल स्वामी, रामरतन प्रजापत, रामचंद्र दायमा, कमल बैद, नीरज बैद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## मण्डावा में श्रीराम कथा के पहले दिन निकली कलश यात्रा

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** फतेहपुर मार्ग स्थित गोयनका धर्मशाल में रविवार को नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के पहले दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश व ध्वज पूजन किया गया, जिसके बाद एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश रखकर भजन गाते हुए चल रही थीं। पुरुष हाथों में ध्वज लिए जयघोष लगाते और नाचते हुए आगे बढ़ रहे थे। प्रमुख मार्गों से गुजरी इस यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। यह आयोजन कथावाचक व अयोध्या के संत धर्मदास महाराज के सानिध्य में हो रहा है। इसमें लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। अयोध्या से पधारे महंत कथावाचक आचार्य धर्मदास महाराज ने पहले दिन श्रीराम कथा के महात्म्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान स्वयं मानव रूप में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। उल्लेखनीय है कि माता माई मंदिर से नौ दिवसीय राम कथा के लिए कलश यात्रा प्रारंभ होकर सुभाष चौक, पालिका चौक तथा मुख्य बाजार होते हुए कथा स्थल गोयनका धर्मशाला पहुंची। इस मौके पर प्रदीप व विष्णु सपत्नीक कलश पूजा के बाद नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी ने कलश यात्रा का शुभारंभ किया। सैकड़ो महिलाएं सर पर कलश व डीजे पर नाचते गाते हुए। लोगों ने रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्ष की गई। कथावाचक धर्म दास महाराज रथ पर विराजमान रहे। कथा के मुख्य यजमान चैन्नई प्रवासी उद्यमी व भामाशाह रमेश गाड़ोदिया पत्नी किरण देवी आदि रहे। चेयरमैन नरेश सोनी, विष्णु, प्रदीप, राजकुमार सिंघानिया, संजय परिहार, कैलाश शर्मा, सुनील, अशोक, महेश, योगेश भूतिया मनोज, संदीप, मनमोहन, संतोष, सुनीता, पूजा, संजू, कोमल पायल सविता सरिता, अनीता, सीमा, कल्पना, बबीता, माया, सुमन, जयश्री, रेखा, रीना सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

## कृषक भ्रमण दल रवाना, खेती के नवाचारों की लेंगे जानकारी

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** आत्मा योजनान्तर्गत जिले के 40 कृषकों के सात दिवसीय कृषक भ्रमण दल को (04 जनवरी 2026 से 10 जनवरी 2026 तक) शीशराम जाखड़, उप निदेशक कृषि व परियोजना निदेशक (आत्मा) झुन्झुनू ने हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, व उत्तर प्रदेश के लिए हरी झंडी दिखाकर आत्मा कार्यालय के सामने से रवाना किया। यह कृषक भ्रमण दल 7 दिन में चौधरी चरण सिंह कृषि व प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान हिसार (हरियाणा), नेशनल डेयरी अनुसंधान संस्थान, गेंहू एवं जौ अनुसंधान संस्थान, केन्द्रीय लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल (हरियाणा), केन्द्रीय आलु अनुसंधान संस्थान शिमला (हिमाचल प्रदेश), डॉ. वाई.एस. परमार उद्यानिकी विश्वविद्यालय सोलन (हिमाचल प्रदेश), केन्द्रीय मृदा व जल संरक्षण अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान देहरादून (उत्तराखण्ड), सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ (उत्तर प्रदेश) व राष्ट्रीय जैविक व प्राकृतिक खेती अनुसंधान संस्थान गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) का भ्रमण करेगें। उप निदेशक कृषि झुन्झुनू शीशराम जाखड़ ने बताया कि कृषक उपरोक्त विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों व प्रशिक्षण स्थलों का भ्रमण कर जोखिम प्रबन्धन, लागत में कमी, पौषण प्रबन्धन, नवाचार, उद्यानिकी फसलों का उत्पादन व प्रबन्धन, वर्षा जल संरक्षण, जल प्रबन्धन तकनीक, जल व मृदा संरक्षण, संतुलन उर्वरक व कीटनाशी का उपयोग उद्यानिकी की उन्नत तकनीक, प्राकृतिक व जैविक खेती, लवणीय जल में कृषि गतिविधि, नवाचार गतिविधिया, अनुसंधान सब्जी जानकारी, पशु संवर्धन, पशुओं की उन्नत नस्लों की जानकारी, दुग्ध उत्पादन प्रबन्धन, प्रौद्योगिकी प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन, मशरूम उत्पादन सहित आधुनिक कृषि की नवीनततम जानकारी प्राप्त करेगें। भ्रमण दल रवानगी के मौके पर उप परियोजना निदेशक (आत्मा) झुन्झुनू प्रमोद कुमार, प्रेम कुमार, सहायक कृषि अधिकारी, झुन्झुनू व राकेश कुमार कटेवा, कृषि पर्यवेक्षक, झुन्झुनू, विजय ढाका, तपेश कुमार, रीतेश कुमार सहित 40 कृषक उपस्थित रहे। भ्रमण दल के प्रभारी प्रेम कुमार, सहायक कृषि अधिकारी, झुन्झुनू व राकेश कुमार कटेवा, कृषि पर्यवेक्षक, झुन्झुनू को नियुक्त किया गया है जो भ्रमण के दौरान कृषकों के साथ रहेगें।

## अखिल भारतीय बिजारणिया परिवार संघ का स्नेह मिलन आयोजित

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय बिजारणिया परिवार संघ का स्नेह मिलन कार्यक्रम इन्द्रगिरी आश्रम रोड़ स्थित जाट भवन में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किशनगढ़ विधायक विकास बिजारणिया ने कहा कि समाज में एकजुटता होनी आवश्यक है। क्योंकि आज सामाजिक, आर्थिक के साथ-साथ राजनीतिक प्रगति होनी भी आवश्यक है। कार्यक्रम मे तेजा सेना के अध्यक्ष श्रीराम बिजारणिया ने समाज के इतिहास को गौरवशाली बताते हुए कुरीतियों को दूर करने की अपील की। इस अवसर पर रावतसर से सार्दुल बिजारणिया, मुडेल से बाबूलाल बिजारणिया, लोसल से रणवीर बिजारणिया, बजरंग बिजारणिया, गोपीराम तंवरा, खेमाराम हरनावा, रोहिताश पेफाना, गोगराज खूड, तिलोकचंद बीबीपुरा, फूलचंद, खेताराम, नंदलाल, मांगीलाल, मगाराम, ओमप्रकाश, विकास आदि मंचासीन रहे। घंटों तक चले कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुनालाल बिजारणिया, एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, भागीरथ बिजारणिया, महेंद्र, सहीराम बिजारणिया, तेजपाल बिजारणिया, भंवरलाल बिजारणिया आदि मौजूद रहे। कवि गोपाल बिजारणिया ने कहा कि रण को विजय करने वाले लोगों को बिजारणिया कहा गया है, इसलिए हमें अपने इतिहास पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम में चूरू जिले सहित आस-पास के कस्बों से ही बिजारणिया परिवार के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों का तिलकार्चन के साथ स्वागत किया गया।

## देवाराम सचिव व अनिल सर्व सम्मति से बने कोषाध्यक्ष



### राजस्थान मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव यूनियन का वार्षिक सम्मेलन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव यूनियन का वार्षिक सम्मेलन व नव निर्वाचित कार्यकारिणी का गठन रविवार को दक्ष प्रजापति भवन में आयोजित किया गया। देवाराम चोधरी को सचिव व अनिल सैनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। रविवार को आर एम एस आर यू के चूरू सब यूनिट का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट के वाइस प्रेजिडेंट संजय माथुर रहे। वहीं राज्य सचिव सवाईदान चारण, वर्किंग कमेटी के मैंबर सुनील गहलोत व धीरज सिंह विषिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय माथुर ने बताया कि ये चार लेबर कोड किस तरह श्रमिक विरोधी है। इन श्रमिक विरोधी कोड के विरोध में एफ एम आर ए आई ओर श्रमिक संघठनो के आह्वान पर 12 फरवरी 2026 को सभी साथी हड़ताल पर जा रहे है। इस अवसर पर वार्षिक सम्मेलन में निवर्तमान सचिव ईश्वर सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अनिल सैनी ने ट्रेजरार रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसे सभी सभा में आए साथियों ने सर्वसम्मति से सराहा। इसके पश्चात सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें देवाराम चोधरी को सचिव ओर अनिल सैनी को ट्रेजरार चुना गया। विष्णु चौहान को जॉइंट सचिव चुना गया। मीडिया प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि इस वार्षिक सम्मेलन में केमिस्ट एसोसिएशन से रामसिंह, राजपाल दहिया, सतीश कुमार, कमल जोशी, विष्णु चौहान, सुरजीत, नरेंद्र, विकास, मुकेश तंवर, राकेश जाट, महेंद्र, नरेंद्र चोधरी, दिवाकर व अन्य साथी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक इकाई गठित, श्वेता बुडानिया तहसील अध्यक्ष बनी

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ चूरू के जिलाध्यक्ष रिछपाल चारण व मंत्री फूले सिंह बुरड़क ने तारानगर ब्लॉक इकाई का गठन किया जिसमें स्वेता बुडानिया को तहसील अध्यक्ष व राजमल कासनिया को मंत्री के लिए सर्वसम्मति से नियुक्त किया। महासंघ के जिलाध्यक्ष चारण ने कहा कि 12 जनवरी को जयपुर में अधिक से अधिक पहुंच कर सरकार से अपनी मांगों को मनवाना है। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष स्वेता बुडानिया व महामंत्री राजमल कासनियां का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मोके पर कृषि विभाग मनीषा, दशरथ यादव, अशोक सहारण, कुलदीप छिम्पा, टिकुराम मीना, बाबू खान, अविनाश गोदारा, रविंद्र बुरड़क, मदनलाल सहारण, राजेंद्र कुमार धेतरवाल, शुभाराम कुल्हरी, लियाकत खान, कमल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## चूरू जिला अग्रवाल समाज ने किया भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का अभिनंदन

जयपुर टाइम्स






**चूरू(निस)।** भारतीय जनता पार्टी में चौथी बार प्रदेश कोषाध्यक्ष बनने पर पंकज गुप्ता का रविवार को ग्रैंड शेखावाटी होटल में चूरू जिला अग्रवाल समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व सभापति गौरीशंकर मंडावेवाला, परमानंद मंगलुनिया सुजानगढ़, राजगढ़ के पूर्व पालिकाध्यक्ष जगदीश बैरासरिया, रतनगढ़ से अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्ष कैलाश चौधरी, जगदीश जयसिंहसरिया सरदारशहर, सुशील सरावगी तारानगर, भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष पूनम गुप्ता, निर्मला देवी मंडावेवाला, ललिता रामगढ़िया, राधेश्याम पांडूसरिया, पवन बगड़िया अतिथि रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वक्ताओं ने कार्यक्रम को अग्र कुंभ का नाम देते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम से अग्रवाल समाज में नई चेतना का संचार हुआ है। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए पंकज गुप्ता ने कहा कि आज समाज को एक मंच पर देखकर मन प्रसन्न हो रहा है। हम एक दूसरे को जोड़कर आगे बढ़ते जाएं तभी इस कार्यक्रम की सार्थकता है, उन्होंने बताया कि इस सम्मान के वह आभारी है और हमेशा समाज के लिए तत्पर रहेंगे। अतिथियों का महेंद्र राजगढ़िया, श्यामसुंदर मित्तल, संजय मुरारका, राजेश बैरासरिया, संजय चाचाण, विनोद उड़सरिया, विमलेश भालेरीवाला, सुलेखा, मीनाक्षी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पवन बगड़िया ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। वहीं डॉ प्रेम प्रकाश गोयल, सुरेंद्र खेमका, बजरंग बाजोरिया, संजय सिंघानिया, राज मोदी, डॉ सारिका अग्रवाल, कालीचरण खेमका, विनीत बजाज, वेणुगोपाल मंडावेवाला, श्रीकांत बगड़िया, सुशील बजाज, शेरू गोयनका, महेश गोयनका, मुरलीधर ऊँटवालिया, प्रदीप सरावगी, अंकित बाजोरिया, रघुनाथ खेमका, कल्पेश सराफ, अरविंद बगड़िया, काशीराम क्याल, राजेश भावसिंहका, चंद्रशेखर झुंझुनूंवाला ने भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का माला, साफा, शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, अभिनंदन पत्र व अग्रसेन की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में ज़िले भर से आए अग्रवाल समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी ने किया।